10 गौतम गंभीर...




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक


12 नोरा फतेही...



रांची, मंगलवार, 05 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -139 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# लूट-झूठ की सरकार हटाएं, विकास के लिए बनाएं भाजपा की सरकार : मोदी

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। ह्यरोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकारह्न। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है। मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश ह्यविकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है। झारखंड के हर गरीब के पास एक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है।

## पीएम ने दिया नारा, रोटी-बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार



### संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित

मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। ह्यगोगो दीदी योजनाह्न के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी। भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गांरटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। मोदी ने कहा कि ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा।

### आजकल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है

मोदी ने कहा कि आज कल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है। कुछ लोग भांति-भांति की दुकानें खेलकर बैठे हैं और अफवाह फैलाने का माल बेच रहे हैं। आपको ऐसी किसी भी अफवाह में नहीं आना है। आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है-जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस की ये अनाप-शनाप घोषणाएं राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है-परिवारवाद। झामुमो-कांग्रेस-राजद, ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं।

ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। मोदी ने कहा कि झारखंड में हमने 16 लाख गरीबों के घर बनाए। ये घर एससी-एसटी और ओबीसी को मिले, जिनके पास पक्का घर नहीं था। एक लाख 15 हजार घर तो गढ़वा में गरीब परिवारों को मिले हैं। आप कह रहे हैं कि यहां पहले कोई प्रधानमंत्री नहीं आया। मोदी पहला प्रधानमंत्री है जो यहां आया। जो बड़े-बड़े अच्छे काम होते हैं वो भी मेरे ही नसीब में लिखे हैं। साथ ही कहा कि आप जेएमएम-कांग्रेस से पूछिए कि आवास योजना का क्या हुआ। क्यों इसको लेकर आपके साथ विश्वासघात किया गया। लोकसभा में हमने तीन करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। हमने इस पर काम भी शुरू कर दिया।

# संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान : सीईओ

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक की. सीईओ ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें. उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं. के रवि ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए. साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें. ताकि, ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके.

बता दें कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है. इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे. इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है.



सीईओ ने चुनाव को लेकर राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इस हेतु इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें. बैठक में श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे.

# भाजपा ने मेरे प्रस्तावक को ही चुरा लिया ऐसे लोगों से रहे सावधान : हेमंत सोरेन

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूर गुदड़ी प्रखंड में झामुमो प्रत्याशी जगत माझी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग की निष्ठा पर सवाल खड़े किये। उन्होंने चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा आज जिस तरह से चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनकर नाच रहा है उसका हिसाब जनता को देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा खूब मनमानी चल रही है पदाधिकारियों को मनमर्जी हटाया जा रहा है। कहा चुनाव आयोग हो चाहे सरकार या ईडी, सीबीआई किसी को भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकता। उन्होंने जगत माझी को मनोहरपुर से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा भाजपा के लोग जहां चुनाव भी नहीं लड़ता वहां पैसा के बल पर सरकार बना लेता है। उन्होंने कहा इस बार इतना विधायक बनाना है कि इन लोगों का पैसा खत्म हो जाए, लेकिन विधायक कम नहीं होना चाहिए। संबोधन के दौरान हेमंत सोरेन ने लोगों से पूछा आपका बिजली बिल माफ हुआ की नहीं। कहा डबल इंजन की सरकार में केवल बिल आता था लेकिन हमारी सरकार में बिजली आएगा बिल नहीं। जोहर से अपने संबोधन की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को इतना मजबूत बना देंगे कि किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वोट करें : जोबा माझी

सभा को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने भी संबोधित किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा विरोधियों की निगाह हमारे जल, जंगल और जमीन पर है, इसलिए इसकी रक्षा के लिए झामुमो के पक्ष में मतदान करें। सांसद ने कहा मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से उनका गहरा लगाव है। यहां का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों से किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आने की अपील की। कहा जगत माझी को विजयी बनाकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें।

### कई लोगों ने थाना झामुमो का दामन

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गुदड़ी में भाजपा नेता भातुराम सांडिल समेत दर्जनों लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री ने झामुमो में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

### सभा में ये रहे उपस्थित

प्रत्याशी जगत माझी, अकबर खान, सुभाष नाग, अशोक वर्मा, सोनाराम देवगम, गणेश बोदरा, प्रिंस खान, दिनेश गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड के अल्मोड़ा में यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 36 यात्रियों की मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में एक दर्दनाक हादसा होने की खबर है. यात्रियों से भरी एक बस आज सोमवार सुबह माचुर्ला इलाके में गहरी खाई में गिर गयी.. घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंचे. एसडीआरएफ की तीन टीमें भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए वहां पहुंची. अल्मोड़ा एसपी ने बस हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है. एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है. अल्मोड़ा के थाना सल्ट माचुर्ला क्षेत्र के पास हादसा हुआ है. जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार पांडे ने जानकारी दी कि बस गढ़वाल से कुमाऊं जा रही थी, तभी अल्मोड़ा के मचुर्ला में दुर्घटना हो गयी. श्री पांडे ने बताया कि बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे. उन्होंने बताया कि पुलिस और रऊफ्रऋ के जवानों ने तलाशी और बचाव अभियान शुरू कर दिया हैं.



### हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बस हादसे पर दुख जताया है. मुख्यमंत्री धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने का भी निर्देश दिया है. मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्देश जारी करते हुए कुमाऊं मंडल के आयुक्त को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिये गये हैं.

### प्रधानमंत्री ने अल्मोड़ा बस हादसे पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए बस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। एक अन्य पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने अल्मोड़ा हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद के सल्ट तहसील क्षेत्रांतर्गत कुपि मोटर मार्ग पर हुए बस हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री धामी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**आशीष दुबे**
**हजारीबाग अधिवक्ता**

**दिल से.. मानव और मानवता की ज्ञान सभी इंसान को होनी चाहिए.. ऐ तभी संभव होगा जब आप आत्मनिर्भर बनेंगे.. देश की रक्षा के लिए.. सनातन की सम्मान के लिए.. एक बने नेक बने.. जो सत्य और न्याय की राह दिखाए हम सब उसी के साथ है..**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **74,200**

चांदी (प्रति किलो) : **1,00,000**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,782.24**

निफ्टी :- **23,995.35**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **26 °**

न्यूनतम तापमान : **18 °**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:57**

संध्या :- **17:08**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1605 को गाइ फाउक्स की गिरफ्तारी, वेस्टमिंस्टर के पैलेस की खोज के दौरान मिली, उसने लॉड्र्स केहाउस को नष्ट करने के लिए रॉबर्ट कैट्सबी की साजिश को नाकाम कर दिया और इसके भीतर।**

## संक्षिप्त समाचार

### आज यूपी सीएम योगी तीन चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित

रांची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 नवंबर को तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे. इसमें डोमचांच, बड़कागांव और जमशेदपुर की जनसभा शामिल है. कोडरमा में डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में सुबह 10:30 बजे से जनसभा होगी. हजारीबाग के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से और जमशेदपुर के आम बागान ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से जनसभा होगी.

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई आंशिक सुनवाई

रांची। संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई. जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 नवंबर की तिथि निर्धारित की है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस ए अमानुल्ला की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने इस मामले में पक्ष रखा. दरअसल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें अदालत ने घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र और राज्य सरकार से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करने और इसके लिए दो अधिकारियों का नाम 30 सितंबर से पूर्व अदालत को बताने का निर्देश दिया था. बता दें कि जमशेदपुर जिले के रहने वाले दानयल दानिश ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. जिसपर अब तक हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिए दी जा रही है.







# छठ महापर्व के मद्देनजर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

घाटों पर करें बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था

**सभी घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधी सूचना पट्ट आवश्य लगाएं**

**सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर: उप विकास आयुक्त रामगढ़**




**रामगढ़।** सोमवार को आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दामोदर, बिजुलिया तालाब एवं अन्य घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दिन यातयात की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने के मनसे से घाटों पर आए। असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने जिला मत्स्य पदाधिकारी रामगढ़ को बिजुलिया तालाब एवं दामोदर घाटों पर बोट एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छावनी परिषद से आये प्रतिनिधि को दामोदर नदी की धारा एवं जलस्तर को देखते हुए घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। रात्रि एवं भोर के समय छठ व्रतियों को घाट आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो के मद्देनजर श्री टोप्पो ने सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए वहाँ के समिति से समन्वय स्थापित कर लाइट की व्यवस्था कराते हुए समयानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत बोर्ड रामगढ़ को दिया। साथ ही घाटों पर आपातकालीन घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से घाटों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए सभी एम्बुलेंस ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन रामगढ़ को दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने एवं किसी भी प्रकार की कमी होने पर उसे यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी छठ घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधित सूचना पट्ट लगवाने के भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के गाइडलाइन के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, सिटी मैनेजर नगर परिषद रामगढ़,सी०सी०एल०/टाटा/एन०टी०पी०सी० के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ़:** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर दूसरे दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के दूसरे भी दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। *कल तारण गुरुनानक आया, गणीव तेरी सिफत सच्चा पातशाह जैसे सबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया. प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर पुराना बस स्टैंड होते हुए बिजोलिया स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के निवास पहुंची। जहां लांबा परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार कंवलजीत सिंह लांबा को सिरोपा देकर सम्मानित किया। यहां लांबा परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी,जोगेंद्र सिंह जग्गी मनमोहन लांबा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा अंकित कालरा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनीगुरप्रीत सिंह जगजीत सिंह जग्गी राजू नंदा अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने छात्र श्रृंखला बनाकर बच्चों ने दिया मतदान का संदेश

**रामगढ़ ।**श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में मानव श्रृंखला बना कर लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया।रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।विद्यालयों के लगभग 500 से 600 बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए सभी को जागरूक कर विशाल मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला विद्यालयों के बच्चों ने मिलकर बनाई। मानव श्रृंखला बनाने का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था।बच्चों ने मताधिकार करने मे अधिकारो एंव देश के प्रति कर्तव्यों के बारे मे बताया एवं एक स्वच्छ ईमानदार प्रत्याशी को चुनकर लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने।विद्यालय के प्राचार्य ने प्रजातंत्र का अर्थ बताते हुए कहा कि प्रजातंत्र का अर्थ होता है। लोगो का शासन यानि कि भारत के हर एक निवासरत जनता का शासन और प्रजातंत्र का आधार मे प्रकाश डालते हुऐ कहा कि निर्णय लेने या अपना विचार व्यक्त करना भी एक विधि है।छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रजातंत्र का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से इस देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थाई रहता है। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

# गुमला के सिसई में केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**गुमला (सिसई):** सिसई विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव। सोमवार को प्रखंड के सुदुरवर्ती क्षेत्र ओलमुण्डा पंचायत के कोडेकेरा बाजार टांड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जुएल उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा राजनीति में आने का कारण कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता के साथ धोखाधड़ी, आदिवासी समाज को पिछड़ा रखने की निति के कारण हुआ। राजनितिक जीवन में मैंने दस बार चुनाव लड़ा और आठ बार विजयी हुआ। केन्द्र सरकार आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए हर संभव मदद और पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन राज्य में झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन की सरकार में बैठे नेता-मंत्री बीते पांच साल में जनता के विकास और प्राकृतिक संसाधनों का पैसा लुटकर अपने घर परिवार को भरने का काम किया हैं। जब तक राज्य में भाजपा की सरकार नही बनेगी, तब तक झारखंड व झारखंडियों का विकास संभव नहीं है। देश में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। झारखंड के गरीब, मजदुर, शोषित-वंचित, बेरोजगार शिक्षित युवाओं, माताओं-बहनों के उत्थान व राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार की आवश्यकता है। उन्होने कहा की झारखंड के आदिवासियों सहित सभी समुदायों के हित के लिए सिसई विधानसभा से भाजपा के स्थानीय विधायक प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव को 13 नवंबर को कमल फूल का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाए और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अपना मतदान भाजपा के पक्ष करें, और राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबुत सरकार बनाने में अपना योगदान दें।कार्यक्रम को विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, पुर्व गुमला विधायक सह एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भैरो सिंह खेरवार, सहित कई भाजपाई नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, अर्कितानंद देवघरिया, श्यामसुंदर साहु, हीरा साहु, बालेश्वर उरांव,अनिल साहु, रविन्द्र साहु, मदननाथ दुबे,चरवा उरांव, रोहित कुमार शर्मा, सुखलाल राय, मनोहर नायक,अनिल गोप, वसंत साहु, धोन्धलो उरांव, मुकेश ताम्रकार,प्रेम जायसवाल, मोहन गोप,फलिन्द्र गोप, बाबुलाल सिंह, मनोरंजन उरांव,बीरेंद्र सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला ने बिशुनपुर प्रखंड स्थित हाडूप ग्राम के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**गुमला:** आगामी विधानसभा चुनाव के निमित आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित PVTG ग्राम हाडूप ग्राम अंतर्गत स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की उपलब्धता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू और निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। इससे पूर्व उपायुक्त ने बिशुनपुर के क्लस्टर में ठहरे पुलिस बल से भी मुलाकात कि एवं उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की कि वे 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपने अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है, और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मतदाता को सुरक्षित एवं सुविधाजनक मतदान का अवसर मिले। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, रैंप, और बिजली की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। साथ ही, प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष रूप से सुरक्षा बल तैनात किए जाएं ताकि मतदाताओं को निर्भीक वातावरण में मतदान का अधिकार मिल सके।

# आजसू जिला प्रवक्ता ने वैचारिक सभा का आयोजन कर रोशन लाल चौधरी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रौशन लाल चौधरी के पक्ष में एक वैचारिक सभा का आयोजन आजसू जिला प्रवक्ता सह हेसला पंचायत के पूर्व मुखिया बिरेन्द्र झा के आवास पर किया गया। इसमें उपस्थित सभी लोगों के द्वारा एक स्वर में इस बार भजपा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी के पक्ष में मतदान करने की बात कही गई। क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए लोगों के द्वारा इस बार परिवर्तन की बात कही गई। सभी लोग वर्तमान विधायक और सरकार के गलत नितियों और गलत नियत के विपक्ष में अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करने का काम करेंगे। इस बैठक में मुख्य रुप से जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश प्रसाद महतो,यशवंत सागर, प्रदीप महतो,बी. चक्रवर्ती, भूषण प्रसाद, बसंत कुमार, पंकज झा, अरविंद सिंह, देवेन्द्र सिंह, शम्भू नायक, वाल्मीकि यादव, बि. के. उपाध्याय, रामाकान्त कुमार, अशोक ठाकुर, रौनक यादव, किशु कुमार, सूरज कुमार, दीपू रंजन, हंस कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, आशिष तूरी, शैलेश पाठक, धर्मेन्द्र पाण्डेय, राजकिशोर ठाकुर,राम अवतार, विजय यादव, विनय कुमार, आयुष रंजन, कुन्दन कुमार, विश्वजीत भारद्वाज, रमेन त्रिवेदी,मनोज सिंह, महेश कुमार, सतीश प्रसाद, शम्भू सिंह, विपुल कुमार, सूरज प्रसाद, रविन्द्र नाथ चौधरी, देवकी शर्मा,रौनित कुमार , संगीता देवी, पार्वती देवी, रेखा देवी, पुनम देवी, आशा देवी, रंजना देवी, पुष्पा मान, उषा देवी, भानू प्रिया, देवन्ती देवी, मुन्नी देवी, प्रीति झा सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के 66 छात्र-छात्राओं ने वाटर पार्क, खूंटी का भ्रमण किया



**पतरातू।** पतरातू थर्मल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के 66 छात्र - छात्राओं ने हजाम( खूंटी ) स्थित वाटर पार्क का भ्रमण किया। सभी छात्र - छात्राएं विद्यालय के वाहन से आचार्य दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, हेमलता एवं नताशा सिन्हा के साथ भ्रमण पर गए। विद्यालय के समिति एवं प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक के पूर्व घोषणा के अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षा मे सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र - छात्राएं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे संस्कृति ज्ञान, विज्ञान मेला, विज्ञान प्रदर्श, वैदिक गणित में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र - छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप विद्यालय के तरफ से वाटर पार्क ले जाया गया। प्राचार्य सुरेंद्र पाठक ने बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं भ्रमण के लिए विदा करते हुए कहा कि आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने पर घूमने के मौके मिलेंगे। सचिव सूरज प्रसाद ने कहा कि ऐसे भ्रमण से बच्चों के बीच प्रतियोगिता बढ़ती है एवं नीरसता कम हो होती हैं तथा प्रोत्साहन मिलता है। बच्चों ने वाटर पार्क में विद्यालय बच्चों के सर्वांगिन विकास के लिए सदैव तत्पर है। भ्रमण मे 66 छात्र - छात्राएं एवं 10 4 आचार्य एवम दो दीदी जी उपस्थित थे।

## हाजी अफसर कुरैशी ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा:** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में कांग्रेस नेता हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा शहरी क्षेत्र के अली नगर में समुदाय के बीच बैठक करके जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित हुए मौके पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा के कांग्रेस पार्टी राज्य वासियों के विकास को लेकर गंभीर है उन्होंने कहा के कांग्रेस के शासन में जिस प्रकार से लगातार राज्य में विकास कार्य किया गया है इससे पूरे राज्यवासी खुश है उन्होंने कहा कि इस बार भी लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव भारी मतों से चुनाव जीतेंगे उनके जीत के लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सभी समुदाय के लोग लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा के विकास को लेकर जो कार्य किया है उसे क्षेत्र की जनता काफी खुश है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे हाजी अफसर कुरैशी, अरेंजेब आलम, आफताब आलम, अफरोज कुरैशी, मुमताज अंसारी,नसीम अंसारी, मास्टर शमीम, नईम अंसारी, एवम् काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पतलो में मिला अज्ञात का शव, जांच में जुटी पुलिस



**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो के राहड़ खेत में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर गांव में फैला सनसनी पहुंची स्थानीय पुलिस चपा टोली निवासी के रूप में हुआ शिनाख्त विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो ग्राम स्थित गांव के पूर्व कुकुर महुआ टांड़ में सानिया उराँव के लाहर खेत में सोमवार अज्ञात शव देख ग्रामीणों के बीच सनसनी फैल गया। शव मिलने की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव का शिनाख्त कराने में पुलिस जुट गई। इसी दरमियान मृतक का पहचान पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत वुंडो चपा टोली निवासी सोमर उराँव के 45 वर्षीय पुत्र पचवा उरांव के रूप में किया गया। फिलहाल शव को कब्जे में ले सेन्हा थाना पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में जुट गए। परिजनों ने बताया कि शनिवार को जतरा देखने गगेया गया हुआ था जो घर लौट कर नही गया तो परिजन छानबीन कर रहे थे। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि चरवाही के दौरान रविवार सुबह लगभग 9 बजे खेत की ओर झूमते जाते हुए देखा गया था। शव शिनाख्त के पश्चात पुलिस नियम संगत पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौप दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया गिरने से गम्भीर चोट लगने के कारण होना प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात खुलासा किए जाने की बात कहा गया।

# एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का पतरातू के विभिन्न क्षेत्रों में चला जनसंपर्क अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** सोमवार को भाजपा पतरातू मंडल के विभिन्न गांव में विधानसभा एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जयनगर सौंदा बस्ती, सरैया टोला, पतरातू देवी मंडप, पतरातू सिंह टोला, सांकुल, बरवा टोला, टेरपा, टोकी सूद, पारगढा, पिपरी टोला, रोचाप, डाड़ी डीह, साहिटांड, तिलैयाटांड़, बोन टोला, मस्जिद कॉलोनी, सहित अनेकों गांव में रोशन लाल चौधरी के द्वारा जनसंपर्क किया गया। वहीं रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का नाम रौशन करने का काम रहे है। ठीक उसी प्रकार झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार फुल बहुमत की सरकार बनेगी और ऐसे भ्रस्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम जनता करेगी। 2024 के विधानसभा चुनाव में यह संकल्प के साथ परिवर्तन करना है और जनता परिवर्तन चाहती है। इसी संकल्प के साथ इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे ऐसा मुझे विश्वास है। परिवर्तन तय है। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो महामंत्री रामेश्वर महतो पंकज कुमार सिंह गंगाधर महतो बीटन महतो भाजपा युवा मोर्चा पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर कामेश्वर महतो परमानंद राजीव बृजेश कुमार सिंह गिरी शंकर मनीष कुमार महतो डॉ ईश्वर देव ठाकुर महिला मोर्चा से रिंकी देवी भूत अध्यक्ष कान लाल सिंह भगवान सिंह शामिल रहे। वहीं पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के कार्यालय में जॉइनिंग कार्यक्रम हुआ जिसमें दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता और जे बी के एस एस के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। जिन्हें मुख्य रूप से प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी अपने हाथों से माला एवं भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पट्टा पहना करके और पार्टी में शामिल किया।

## सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का समय सारणी में हुआ बदलाव

**लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती नक्ष क्षेत्रों के दस बूथों में मतदान करने का समय मे बदलाव किया गया। उक्त जानकारी लोहरदगा जिला उपायुक्त सह जिला निवार्ची पदाधिकारी के निदेर्शानुसार चुनाव आयोग के आदेश पर झारखण्ड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में भयमुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव कराने के उद्देश्य से वैसे मतदान केंद्र जो सुदुर्वर्ती नक्ष प्रभावित केंद्रों का समय सारणी उपायुक्त सह जिला निवार्ची पदाधिकारी के निर्देश पर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में दस मतदान केंद्रों में मतदान का समय मे परिवर्तन किया गया है। प्रखंड क्षेत्र में मतदान हेतु कुल 68 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमे दस मतदान केंद्रों में समय निर्धारित करते हुए सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। तथा अन्य बूथों में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता वोट डाल सकते हैं। जिन मतदान केंद्रों का समय मे परिवर्तन किया गया गया है। उसमें से ही बूथ संख्या 13 प्राथमिक विद्यालय उरु,बूथ नम्बर 14 प्राथमिक विद्यालय आरा, बूथ नम्बर 15 प्राथमिक विद्यालय साके, मतदान केंद्र संख्या 16 प्राथमिक विद्यालय चुरकु खक्सीटोली,बूथ नम्बर 17 प्राथमिक विद्यालय चंदवा, बूथ नम्बर 18 मध्य विद्यालय हेसवे,बूथ नम्बर 19 मध्य विद्यालय अलौदी गोसाईटोली,मतदान केंद्र संख्या 20 कन्या मध्य विद्यालय मन्हे और मतदान केंद्र संख्या 21 प्राथमिक विद्यालय उरु डांडू का समय मे बदलाव किया गया है।

# पीएम बताये सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं : जेएमएम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घूम रहे हैं. गढ़वा गये, चाईबासा गये अच्छा है. उन्हें भी एहसास हो गया कि बीजेपी इस चुनाव में पराजित है. चाईबासा, गढ़वा में जो रैली हुई. अमित शाह कल झूठ का पुलिंदा जारी किये. उसमें कोई विशेष बात नहीं, वह परिवारवाद पर बोले, बीजेपी अब परिवारवाद पर बोलेगी. वह सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से मीडिया कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे.सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिये कुछ नहीं तो ऐसी बात क्यों. डबल इंजन की सरकार 2019 में थी, 2014 से थी. इस अवधि में कितने उद्योग लगे, कितने बंद हो गये. पीएम आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं. चुनाव से पहले जमशेदपुर गये, वंदे भारत को हरी झंडी दिखाया, आज से शुरू हुई जो गया से चली. 12 वंदे भारत हो गई. गया से रांची, रांची से चाईबास तक. 9 वंदे भारत रेल मंत्रालय चला रही, 3 पीएम चला दिये. 3 वंदे भारत कहा से आ गये. उन्होंने कहा कि रेलवे से पता किया तो पता चला कि गया से गढ़वा तक आज चलाई गई, गया से रांची, रांची से चाईबासा 3 हो गये. पीएम का इतना हल्का भाषन बोलने के लिये कुछ नहीं. बस एक बात का अपमान हो रहा, विदेशों में जो भारतीय लोग रहते थे, नागरिकता बताने में शर्म करते थे, पीएम ने कहा मेरे आने के बाद गर्व करते हैं. सुप्रियो ने कहा कि 2.20 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी विदेश के लिये. विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय में पेश हुए हैं, संसद में पेश हुए हैं. प्रधानमंत्री जी को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हरियाणा की जनता भी उन्हें सुन रही थी. अभी तक विज्ञापन भी नहीं निकला तो फिर आवेदन कहां से हो गया और नियुक्ति कहां से हो गई. चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही मैदान खाली होने लगा. लोगों को ढोकर लाया गया था. हमारी सरकार ने हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट से निर्णय लिया और मोदी जी कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है. सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना चाहिए. जातीय जनगणना तक की घोषणा नहीं की गई. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हरमू मैदान में अंकिता नाम की एक लड़की के पिता को अपमान करने का काम किया था. इसके गवाह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी हैं. भ्रष्टाचार पर बात करने वाले प्रधानमंत्री के बगल में भानु प्रताप शाही और कमलेश सिंह बैठे हुए थे. उन्हें कहना चाहिये, हमने झारखंड में आकर जो घोषणाएं की, उसको लागू नहीं किया इसके लिए हमें माफ कर दें. एक हताश, निराश और पराजित स्टार प्रचारक लौट कर चले गएएक मुख्यमंत्री माचिस लेकर प्रचार करने आयेंगे वो बाटेंगे तो काटेंगे का नारा देंगे.

## तमाड़ विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में कार्य करूंगाझ्र राजा पीटर



**बुंडू ।** बुंडू में विभिन्न महिला समूहों के साथ पूर्व मंत्री सह राजग प्रत्याशी राजा पीटर ने अपने जनसम्पर्क के दौरान भकुवाडीह में बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर महिला समूहों के वक्ताओं ने एकमत होकर श्री पीटर को जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री पीटर ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर पर स्वालम्बी बनाना मेरा लक्ष्य है। आपके द्वारा किये गए एक वोट से मैं तमाड़ विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश मे स्थापित करने का कार्य करूँगा।

## तमाड़ विधानसभा प्रत्याशी दमयंती मुण्डा ग्रामवासीयों से जेएलकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के विचारों को साझा किया,



**बुण्डू –** बुण्डू के बारेडीह ग्रामवासीयों से जेएलकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के विचारों को साझा करती तमाड़ विधानसभा प्रत्याशी दमयंती मुण्डा उनके साथ झारखंड अधिकार यात्रा के कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं सक्रिय साथीगण वोटिंग मशीन के क्रम संख्या 05 में कैंची छाप पर वोट करने के लिए जागरूक करते हुए साथ आगामी कल पांच नवंबर आमलेशा फुटबॉल मैदान तमाड़ टाईगर जयराम महतो के सभा में आमंत्रित किया.

## दो महीने में रिटायर हो जायेंगे डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी

**रांची।** झारखंड में अगले दो महीने में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी रिटायर हो जायेंगे. इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे. वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं. इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह व एम मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को रिटायर हो जायेंगे.

**एक जनवरी से छह आईपीएस हो जायेंगे डीआईजी**

झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे. सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है. इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं.

## छठ के लिए बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़, बोगियों में पैर रखने की जगह नहीं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** छठ महापर्व को लेकर बिहार जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ हो रही है. रेलवे स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरा रह रहा है. वहीं, मौर्य एक्सप्रेस और पटना जाने वाली ट्रेनों में किसी श्रेणी में सीट उपलब्ध नहीं है. मौर्य एक्सप्रेस में चार से छह नवंबर तक स्लीपर और एसी में 100 से ज्यादा वेटिंग मिल रहा है.

**पटना जाने वाली ट्रेनों में 6 नवंबर तक सीट नहीं**

पटना जाने वाली ट्रेन में भी चार से छह नवंबर तक स्लीपर और एसी में सीट उपलब्ध नहीं है. रविवार को रांची और हटिया स्टेशन से खुलने वाली इन दोनों रूट की ट्रेनों में काफी भीड़ रही. यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करते दिखे. सिर पर सामान लेकर बोगी में प्रवेश करते नजर आये.

**वंदे भारत में भी सीट नहीं है उपलब्ध**

रांची से पटना जाने वाली वीआइपी ट्रेन वंदे भारत में भी चार और छह नवंबर को सीट उपलब्ध नहीं है. चार नवंबर को सीसी बोगी में वेटिंग 55 और एग्जिक्यूटिव चेयर कार (इसी) में वेटिंग लिस्ट 21 मिल रहा है. वहीं, छह नवंबर को सीसी बोगी में वेटिंग 14 और एग्जिक्यूटिव चेयर कार (इसी) में वेटिंग चार मिल रहा है. इसके अलावा जनशताब्दी एक्सप्रेस में चार नवंबर को टू-एस में वेटिंग 24 और सीसी में 41 वेटिंग चल रहा है. पांच नवंबर को टू-एस में 51 और सीसी में 41 वेटिंग है.

**छठ स्पेशल ट्रेन में वेटिंग भी नहीं मिल रहा**

रांची से पटना के लिए छठ स्पेशल ट्रेन (08897) भी चलाया जा रहा है. इसमें चार नवंबर को स्लीपर और एसी सेकेंड और थर्ड में सीट उपलब्ध नहीं है. वहीं, पांच नवंबर को स्लीपर में वेटिंग 68, एसी थर्ड में वेटिंग 39 और एसी टू में वेटिंग 10 है.

## ग्राम प्रधान जयगोविंद सिंह मुंडा के आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**तमाड़।** सारजमडीह के ग्राम प्रधान श्री जयगोविंद सिंह मुंडा हमलोगों के बीच अब नही रहें।। अचानक आज सुबह रांची हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताते चले कि बीते कई महीनों से वे कैंसर बीमारी से पीड़ित थे। आपको बता दें कि ग्राम प्रधान श्री जयगोविंद सिंह मुंडा युवा और हसमुख मिलनसार व्यक्ति थे । सभी से हंसकर मिलते थे इस खबर का क्षेत्र के लोगों को यकीन नहीं हो पा रहा है सभी लोग हतप्रभ हैं, उनके आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## नीतीश पांडे के नेतृत्व में देसीपीढ़ी गांव में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**तमाड़ –** नीतीश पांडे के नेतृत्व में देसीपीढ़ी गांव में जनसंपर्क अभियान डोर टू डोर चलाया गया गैस सिलेंडर छाप पर वोट देने की अपील की गई

## सारी शक्ति, मन और आत्मा से ईश्वर को प्यार करें : फादर विनय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** संत अन्ना धर्मसंघ की संस्थापिका की हड़गड़ी की बरसी पर लगा विकास मेलारांची. संत अन्ना धर्मसंघ की संस्थापिका के अवशेषों की हड़गड़ी की 29वीं बरसी पर रविवार से संत अन्ना धर्मसंघ के पुरुलिया रोड स्थित मूलमठ में विकास मेला लगाया गया. धर्मसंघ की संस्थापिका ईश सेविका माता बेनार्देत किस्पोट्टा व उनकी सहयोगी माता सिसिलिया, माता वेरोनिका और माता मेरी के अवशेषों को 1995 में कब्रिस्तान से मूलमठ में लाकर हड़गड़ी के रूप में रखा गया था. इस अवसर पर सुबह छह बजे चैपल में विशेष आराधना हुई. आराधना में मुख्य अनुष्ठाता फादर विनय केरकेट्टा थे. फादर निकोलस टेटे और फादर इग्नेसियुस तिर्की ने सहयोग किया. फादर विनय केरकेट्टा ने कहा कि आज का पाठ वचन कहता है कि अपनी सारी शक्ति, अपने सारे मन, दिल और आत्मा से ईश्वर को प्यार करें. और ईश्वर के साथ-साथ हमें अपने पड़ोसी को भी प्यार करने की जरूरत है. उन्होंने अपने जीवन के एक दृष्टांत को साझा करते हुए बताया कि जब वे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया. उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि पिता के दर्शन के लिए आ सके. तब उनके दोस्तों ने पैसे इकट्ठे कर दिये और मैं अपने पिता का अंतिम दर्शन कर सका.

**ये थे उपस्थित**

मिस्सा अनुष्ठान के दौरान संत अन्ना धर्मसमाज की सुपीरियर जेनरल सिस्टर लिली ग्रेस तोपनो, सिस्टर सोसन बाड़ा, सिस्टर सुजाता कुजूर, मूल मठ की सुपीरियर सिस्टर सिसिलिया बाड़ा, सिस्टर सेलिन बाड़ा, उसुर्लाइन सिस्टर जूलिया जॉर्ज सहित रांची, गुमला, जलपाईगुड़ी और मध्यप्रदेश प्रोविंस की धर्मबहनें उपस्थित थीं.

**विकास मेला में आर्ट और क्राफ्ट की वस्तुएं उपलब्ध**

विकास मेला में धर्मसमाज की बहनों और उनके द्वारा संचालित महिला समूहों द्वारा कई स्टॉल लगाये गये थे. इनमें आर्ट एंड क्राफ्ट की वस्तुएं, रूमाल, पुरोहितों के वस्त्र, शॉल, अचार, बैग, बेडशीट व जड़ी बूटियों से तैयार दवाएं और तेल उपलब्ध हैं.

## राजधानी रांची में बच्चा चोर गिरोह सक्रिय, एक के बाद एक दे रहे घटनाओं को अंजाम



**रांची:** राजधानी रांची में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह सक्रिय है. पिछले एक साल के दौरान इससे संबंधित कई मामले सामने आये हैं. गिरोह खासकर रेलवे स्?टेशन और अस्?पतालों को अपना निशाना बना रहा है. हालांकि रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन घटनाओं में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार कर बच्चों को सकुशल बरामद भी करने का काम किया है. रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड के कई जिलों व ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चा चोरी की खबरें तेजी से फैली हैं

**झारखंड में बच्चा चोर गिरोह की वारदातें**

-24 जुलाई 2024: रांची के रेलवे स्टेशन की सीढ़ी के पास से एक बच्चे को चोरी कर लिया गया था.

-10 मई 2024: रांची के अशोक नगर स्थित चटर्जी नर्सिंग होम से एक बच्ची को अगवा करने का प्रयास किया गया था.

-12 मई 2024: रांची रेलवे स्टेशन से नौ महीने के बच्चे को एक अज्ञात महिला और दो पुरुषों ने चोरी कर लिया था.

-22 अक्टूबर 2023: रांची के हरमू रोड स्थित बिजली ऑफिस से एक बच्चे को चोरी कर लिया गया था.

24 अक्टूबर 2024: रांची के रिम्स अस्पताल से एक नवजात बच्चे की चोरी की घटना सामने आयी थी. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी थी.

## चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने की राज्यपाल से मुलाकात



**रांची।** राज्य की नई चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की. इस दौरान राज्यपाल ने चीफ सेक्रेट्री से विकास कार्यों की जानकारी ली. साथ ही चालू योजनाओं में गति लाने का भी निर्देश दिया. राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है.

## हनी ट्रैप समेत इन 10 तरीकों से लोगों को फांस रहे हैं साइबर ठग, सीआईडी ने किया अलर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड में समय के साथ साइबर अपराधियों की ठगी का तरीका भी बदल रहा है. पहले बैंककर्मी बन ओटीपी पूछ बैंक एकाउंट से पैसे उड़ानेवाले साइबर ठग अब भयादोहन और हनी ट्रैप कर भी पैसे उगाहने लगे हैं. इनके तरह-तरह के ठगी के हथकंडे में पढ़े-लिखे लोग भी आ जाते हैं. दूसरी ओर पुलिस विभाग की तकनीकी शाखा भी इनकी ठगी से आम लोगों को बचाने के लिए तकनीक का ईजाद कर रही है. सीआईडी ने साइबर अपराधियों द्वारा अपनाये जा रहे तरीके और इससे बचाव के लिए लोगों को अलर्ट किया है. झारखंड में साइबर अपराधी आम लोगों से साइबर फ्रॉड के लिए मुख्य रूप से 10 तरीके अपना रहे हैं.

**सीआईडी ने तैयार की है रिपोर्ट**

साइबर फ्रॉड को लेकर दर्ज मामले का विश्लेषण कर सीआईडी ने इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आइफोरसी) के सहयोग से रिपोर्ट तैयार की है. रिपोर्ट बताती है कि हर उम्र के लोग साइबर अपराधियों के निशाने पर होते हैं, लेकिन वे ज्यादातर बुजुर्ग और अधेड़ उम्र के लोगों को फांसते हैं.

**साइबर फ्रॉड के 10 मुख्य तरीके**

**कस्टम में पार्सल पकड़े जाने के नाम पर :** इसमें साइबर अपराधी किसी के नाम पर कस्टम के पास संदिग्ध पार्सल पकड़े जाने के नाम पर फोन करते हैं. इसके बाद ब्लैकमेल कर पैसे मांगते हैं. इससे बचाव के लिए आप तुरंत फोन काट दें और नंबर के बारे में शिकायत करें.

**ट्राइ फोन स्कैम :** इसमें साइबर अपराधी फोन कर बताता है कि आपका मोबाइल नंबर संदिग्ध गतिविधि में शामिल है. इसलिए आपका मोबाइल नंबर बंद किया जा रहा है. जबकि सच्चाई है कि ट्राई कभी भी सेवा बंद करने के लिए फोन नहीं करता है. बचाव के लिए इसकी शिकायत करें.

**डिजिटल अरेस्ट :** इसमें साइबर अपराधी फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पहले फोन करते हैं. इसके बाद डिजिटल अरेस्ट कर ऑनलाइन पूछताछ करने के बाद ब्लैकमेल कर पैसे की मांग करते हैं. जबकि सच्चाई यह है कि पुलिस कभी डिजिटल गिरफ्तारी नहीं करती है. न ही ऑनलाइन पूछताछ करती है.

**परिवार के सदस्य की गिरफ्तारी :** साइबर अपराधी पहले किसी को फोन कर यह बताते हैं कि आपराधिक घटना में शामिल होने के आरोप में आपके रिश्तेदार को गिरफ्तार किया गया है. इसके बाद केस मैनेज करने और छोड़ने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है. ऐसे मामले में कोई भी कदम उठाने से पहले बचाव के लिए परिवार के सदस्यों से इसका सत्यापन करें

**ट्रेडिंग के नाम पर तत्काल धनी बनने का झांसा देकर :** ऐसे मामले में साइबर अपराधी पहले सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रेडिंग के नाम पर अधिक मुनाफा देने का आश्वासन देकर ठगी करते हैं. जबकि सच्चाई यह है कि हाई रिटर्न ही एक झांसा है

**टास्क पूरा कर रिवार्ड देने के नाम पर :** ऐसे मामले में साइबर अपराधी पहले कुछ सामान्य टास्क देकर अधिक रिवार्ड देने का झांसा देते हैं. फिर निवेश के नाम पर अधिक मुनाफा देने के नाम पर ठगी करते हैं. जबकि सच्चाई यह है कि इजी मनी ही एक स्कैम है.

**क्रेडिट कार्ड के नाम पर :** इसमें साइबर अपराधी पहले किसी को फोन कर बताते हैं कि आपके नाम पर जारी क्रेडिट कार्ड से फ्रॉड हो रहा है और फिर इसके बारे में सत्यापन कर फ्रॉड करते हैं. इससे बचाव के लिए पहले बैंक से संपर्क करें.

**पैसा ट्रांसफर करने का झांसा देकर :** कुछ मामले में साइबर अपराधी फोन कर पहले कहते हैं आपके एकाउंट में गलती से पैसा ट्रांसफर हो गया है. इसलिए इसे वापस भेज दीजिए. ऐसा कर साइबर अपराधी फ्रॉड करते हैं. बचाव के लिए पहले बैंक से सत्यापन करें

**केवाइसी एक्सपायर होने के नाम पर :** कई मामले में साइबर अपराधी ठगी के लिए फोन कर कहते हैं कि आपका केवाइसी अपडेट नहीं है या यह एक्सपायर हो चुका है. बचाव के लिए बैंक से संपर्क करें.

**टैक्स रिफंड के नाम पर :** साइबर अपराधी खुद को टैक्स अफसर बताते हैं और फोन कर टैक्स रिफंड करने के नाम पर बैंक का डिटेल लेकर ठगी करते हैं. जबकि वास्तविकता है कि टैक्स डिपार्टमेंट के पास बैंक का डिटेल होता है और यह एक स्कैम है.

**क्या हैं बचने के उपाय**

कोई भी कदम उठाने से पहले सूचना के बारे में सत्यापन अवश्य करें

मोबाइल पर भेजे गये किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें

किसी भी तरह का ट्रांजेक्शन करने से पहले इसे बैंक से कंफर्म कर लें

संदिग्ध फोन कॉल या नंबर के बारे में शिकायत दर्ज करायें

अत्यधिक मुनाफा देनेवाले रिटर्न से सावधान रहें

व्यक्तिगत जानकारी या बैंक का डिटेल किसी से साझा नहीं करें

## समय पर नहीं बना पिस्का आरओबी, अब 198 दिनों का मांगा एक्सटेंशन

**रांची।** सालों से अटका पिस्का आरओबी का काम में फिर से देरी हो गयी. अक्टूबर 2024 तक इसका निर्माण पूरा करना था, लेकिन महज 24 फीसदी ही काम पूरा हो पाया है. अब एनएचएआई इसे महत्वपूर्ण आरओबी ब्रिज व एप्रोच रोड बनाने के लिए भारत सरकार से अतिरिक्त समय की मांग कर रहा है. रांची जिले के अंतर्गत नेशनल हाइवे 23 इटकी रोड में पिसका आरओबी के निर्माण की मंजूरी दी गयी, लेकिन काम 2023 में ही प्रारंभ हुआ और अक्टूबर 2024 तक पूरा करना था, लेकिन परियोजना में विलंब हो गया. 1.2 किमी आरओबी के साथ एप्रोच रोड बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण की समस्या आई, कई दफा जिला प्रशासन से अनुरोध करने के बाद एक किमी जमीन अब काम के लिए उपलब्ध है. वहीं 0.2 किमी जमीन में अब भी बाधा है, यह क्लीयर नहीं हुआ है. एनएचएआई ने उक्त जमीन को समय पर कलीयर कराने को कहा है, रैयतों को जमीन के बदले मुआवजा वितरण कराने को भी कहा गया है. मिली जानकारी के अनुसार एनएचएआई ने 198 दिनों का समय का एक्सटेंशन मांगा है. इस ब्रिज को 25 अप्रैल 2025 तक पूरा करने के लिए संवेदक व इंजीनियरों के तरफ से इस समयावधि की मांग की गयी है, जिसे प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को प्रेषित किया है.

# भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा ने किया जनसम्पर्क..

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने राजमहल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। भाजपा प्रत्याशी अनन्त ओझा पंचायत बाबूपुर,तीन पहाड़,तेतुलिया,महासिंगपुर,खुटहरि सहित विभिन्न पंचायतों में जनसम्पर्क किया। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। कहा कि जेएमएम के लोग भ्रम फैलाकर क्षेत्र में अलग अलग रूप के माध्यम से क्षेत्र में घूमकर लोगो को गुमराह कर रहे हैं विधायक ने कहा कि जेएमएम वाले टीना का चश्मा लगा कर रखा हैं उन्हें विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं क्षेत्र की बिजली की व्यवस्था 2014 से पहले क्या थी अब क्या हैं मंगलहाट में पावर ग्रीड कब बना क्षेत्र में दर्जनों सब स्टेशन का निर्माण कब हुआ। जहां मेरे विधायक बनने से पहले 4 से 6 घण्टे बिजली मिलती थी अब 22 घण्टे बिजली मिल रही हैं तब भी इनको विकास नहीं सूझ रहा हैं राजमहल में बच्चों को पढने के लिए मॉडल डिर्गी कॉलेज का निर्माण कराया गया। तीन पहाड़ में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा हैं तीन पहाड़ से महाराजपुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया। फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं 2029 से पहले राजमहल मानिकचक गंगा पुल का निर्माण हो कर रहेगा। जो मै बोलता हूँ उसे पूरा करता हुँ पहले विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए पैसे लगते थे महीने बाद भी नहीं मिल पाता था अब 24 घंटे के अंदर विद्युत ट्रांसफार्मर बिना पैसे का लग जाता हैं कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का चरागाह राजमहल विधानसभा नहीं बनने देंगे। राज्य में भाजपा का सरकार बनते ही चुन चुन कर घुसपैठियों को यहां से भगाएंगे। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। कहा कि मईँया सम्मान योजना के माध्यम से हेमंत सोरेन में ठगने का काम किया। 2019 में हेमन्त सोरेन वादा किया था पांच साल बीत जाने के बाद सिर्फ एक हजार दिया। भाजपा सरकार बनते ही हर महीने 2100 मिलना शुरू हो जाएगा।

मंगलहाट में तीन पहाड़ भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटनः राजमहल विधानसभा क्षेत्र में तीन पहाड़ मंडल भाजपा का चुनाव कार्यालय का उदघाटन मंगलहाट में भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने किया। इस अवसर पर तीन पहाड़ मण्डल के सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत,तीन पहाड़ मंडल अध्यक्ष सागर मंडल,जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल,रामानंद साह,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव,मनोज यादव,शिवशंकर यादव,सुरेन्द्र सिंह,चंदन श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह,धमेंद्र मंडल सहित सेकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने लिया छठ घाट का जायजा



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।प्रखंड क्षेत्र के गुमानी नदी किनारे स्थित छठ घाट का सोमवार को थाना प्रभारी पवन कुमार ने जायजा लिया ।इस दौरान छठ पूजा समिति बरहेट के सदस्यों से भी बातचीत की। छठ महापर्व को लेकर व्यवस्था की जानकारी लिया ।वही थाना प्रभारी पवन कुमार ने छठ पूजा समिति को चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण रूप से छठ पूजा मनाने की अपील की ।वही बढ़ चढ़कर सहयोग करने को भी कहा ।नदी में ब्रैकेटिंग लगाकर श्रद्धालु स्नान करें। ताकि लोक सुरक्षित होकर जलार्पण कर सके ।मौके पर छठ पूजा समिति सदस्य निरंजन भगत, रूपक शाह,पप्पू भगत,वरुण जायसवाल के अलावा अन्य मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।भारतीय जनता पार्टी बरहेट विधानसभा प्रत्याशी ग्मालियल हेंब्रम, बोरियो विधानसभा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में बोरियो विधानसभा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम बरहेट विधानसभा प्रत्याशी ग्मालियल हैंबरेम के समर्थन में इलाके में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया ।इस दौरान हाथीगढ,खजूरखाल,पंचकठिया संथाली, रांगा,लोगाई, अन्य इलाकों में घूम घूम कर लोगों से मिले ।वही लोबीन हेम्बरम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवा को एक बार मौका दे। आपके क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। समस्या का समाधान होगा ।मौके पर मनीष बेसरा, कैलाश शाह, मनोज मुर्मू, के अलावा अन्य एवं लोग मौजूद थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, चित्रांकन एवं स्लोगन लेखन का हुआ आयोजन



**साहिबगंज(उजाला)** ।विधानसभा चुनाव- 2024 के परिप्रेक्ष्य स्वच्छ गंगा उत्सव स्थानीय ओझा टोली घाट,साहेबगंज में रंगोली, चित्रांकन एवं स्लोगन लेखन का आयोजन स्वीप कोषांग साहिबगंज की ओर किया गया ।कार्यक्रम में जिला के विभिन्न स्कूलों , मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के युवा कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।अपने कलात्मक सृजन से चित्रांकन , रंगोली और स्लोगन लेखन से चुनाव आयोग के द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक 03 बरहेट (अ०ज०जा०) मजीद खलील अहमद डाबू, व्यय प्रेक्षक आनंदी दीक्षित ने सभी बाल एवं युवा कलाकारों के कला की प्रशंसा की ।साथ ही छात्राओं से अपने माता-पिता परिवार को मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया ।सामान्य प्रेक्षक ने गंगा किनारे डॉल्फिन एवं गंगा के बारे में विस्तार से जानकारी लिया ।गंगा घाट को स्वच्छ, प्लास्टिक, पॉलिथिन, थमोकौल मुक्त , डस्टबिन और गंगा जल को निर्मल के लिए अपने विचार रखें। सामान्य प्रेक्षक ने सभी को मतदाता शपथ दिलाया। स्वच्छ एवं निष्पक्ष नैतिक मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा , डॉ0 रणजीत कुमार सिंह, अमृत प्रकाश, कलाकार, स्वीप कोषांग सभी कर्मी उपस्थित थे।

# तीनपहाड़ बोरियो मुख्य पथ जासकुट्टी मोड़ के समीप एक टोटो अनियंत्रित होकर मारी पलटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**तीनपहाड़/साहिबगंज(उजाला)।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनपहाड़ बोरियो मुख्य पथ जासकुट्टी के समीप एक तीन पहिया टोटो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे टोटो में सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बोरियो के बीचपूरा गांव की कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आगामी दिनों में मनाए जाने वाले त्यौहार महा छठ को लेकर गंगा स्नान करने राजमहल जा रही थी, जिसको लेकर उक्त गांव के ही एक टोटो को बुक कर राजमहल के लिए निकली थी, इसी बीच जासकुट्टी मोड के समीप टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोटो पूरी रफ्तार में थी ओर उसी बीच एक मोड काफी घुमावदार होने के कारण टोटो चालक टोटो को नियंत्रित नहीं कर पाया और एक ओर जाकर पलट गई, हादसे में टोटो में सवार महिलाओ एवं बच्चों को काफी गंभीर छोट आई है इसी बीच घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना के एस आई बीनू उरांव दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच फौरन एंबुलेंस को सूचना दे दी, लेकिन एम्बुलेंस को देरी होने के कारण और महिला और बच्चों को गंभीर चोट लगने की वजह से रास्ते से गुजर रहे एक वाहन को रोक कर घायलों को बेहतर इलाज हेतु राजमल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया वही इस मामले में पुलिस टोटो एवं टोटो चालक को थाने लाकर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई थी।

## बहनों ने अपने भाइयों के लिए मांगी लंबी उम्र की दुआ




**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी धूमधाम से भाई दूज का त्यौहार मनाया गया ।बहन ने मांगी भाईयो के सपनों को साकार करने की दुआ। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मांगते हैं दुआ ।इस क्षेत्र में लगभग बंगाली समुदायों ने बड़ी ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया त्योहार एक दूसरे को मिठाई एवं माथे में तिलक देकर यह त्यौहार मनाया जाता है।

# उधवा में पानी निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव, पुलिस ने कराया शांत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा मियांपाड़ा गांव में सोमवार को पानी निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए तनाव को स्थानीय पुलिस के द्वारा समझा बुझाकर मामला को शांत करा दिया गया। जानकारी के अनुसार मियां पाड़ा गांव के असलम शेख के घर का उपयोग किया हुआ पानी सरकारी नाला से होते हुए नदी में जाता था। दूसरे पक्षों का आरोप है कि छठ पूजा के कारण गंदा पानी नदी में बहने से परेशानी हो रही थाई। इस मामले में दूसरे पक्ष व अन्य लोगों के द्वारा असलम शेख को गंदा पानी बहाव का वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया था। लेकिन कोई पहल नहीं होने के कारण दूसरे पक्षों के लोगों ने नाला को बंद करने के लिए पहुंचे थे। दो पक्षों के बीच तू तू मैं मैं होने पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। उधर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही थाना के एएसआई विनय कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर किसी तरह मामला को शांत करवाया गया।

## मारपीट मामले में बरहरवा थाना पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार ,भेजा जेल




**बरहरवा/साहिबगंज (उजाला)** ।सोमवार को बरहरवा थाना पुलिस ने मारपीट मामले में एक अभियुक्त को जेल भजेने में सफलता हासिल की है,मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त द्वारा पूर्व में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी,मारपीट में अभियुक्त द्वारा द्वितीय पक्ष को मारपीट कर घायल कर दिया गया था,द्वितीय पक्ष द्वारा मामले को लेकर बरहरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी,जिसके खिलाफ बरहरवा थाना कांड संख्या 60/24 दर्ज कर बरहरवा थाना पुलिस सिरासिंन निवासी अभियुक्त कादिर शेख को ढूंढ रही थी,रविवार को गुप्त सूचना के आधार बरहरवा थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष कुमार गौरव एएसआई जुमराती अंसारी दल बल के साथ सिरसिंन चौक के समीप चाय दुकान के पास से नामजद अभियुक्त कादिर शेख को सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया,तत्पश्चात अग्रेषित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त कादिर शेख को सोमवार को न्यायिक हिरसत में जेल भेज दिया है।

## श्राद्ध कर्म मे शामिल हुए पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर



**बुंडू** -बुंडू प्रखंड के सिरकाडीह गाँव मे डोमन सिंह मुण्डा के पिता स्वर्गीय हरिचरण सिंह मुण्डा व बुंडू के नवरात्र टोली मे स्वर्गीय संतोष कुमार नायक के श्राद्ध कर्म मे सम्मिलित होकर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर उनके इस दुखद समय पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। व प्रखंड के एडकियां गाँव मे स्वर्गीय नित्यानंद पातर के श्राद्ध कर्म मे पूर्व मंत्री श्री गोपाल कृष्ण पातर सम्मिलित हुए और उनके इस दुःखद घड़ी उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया और उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

## हेमंत सरकार ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को लाई है: ममता देवी



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ विधानसभा महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी ने गोला प्रखंड के कोराम्बे पंचायत के विजयडीह, गुंदलीखरई, सड़सियारी, धोरधोरा, कोराम्बे महावीर चौक, कोराम्बे बाजार, कोराम्बे,घाघरा, केन्दूवाडीह,जोगीदास,कतराटोला, कोराम्बे बीच टोला,साड़म पंचायत के जयंतीबेडा व नावाडीह पंचायत के उडूसाडम, चोकड़बेड़ा,सिमरटोला, छापरगढ़ा, रमहारू का दौरा कर चुनावी जनसंपर्क अभियान की और अपने पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की । इस दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। जनकल्याणकारी एक एक योजनाओं जैसे मईया सम्मान योजना , मुख्यमंत्री सृजन योजना, मुख्यमंत्री किशोरी समृद्धि योजना, फूलों झानो योजना, बिजली बिल माफी योजना , अबुआ आवास योजना, को गिनाई और लोगों से हेमंत सोरेन सरकार के पक्ष में समर्थन देने की बात कही और रामगढ़ विधानसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की । साथ ही कहा कि महागठबंधन सरकार के विभिन्न योजनाओं से लोग काफी लोग उत्साहित हैं और सरकार का समर्थन के लिए तैयार है । युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली,प्रेमसागर प्रसाद, मनोज कोटवार,सागर कुमार गोस्वामी, चमन बेसरा, मशरूल रजा, महेश मांझी, तारकेश्वर मांझी, बिरेन हांसदा, भोला बेदिया, दसय बेदिया, जगदीश बेदिया, तुलूस बेदिया, सुभाष प्रजापति, अर्जुन सिंह मुंडा, रंजित करमाली, अजय चौधरी, कजरा करमाली, तूमन अंसारी, दशरथ महतो, गुप्तेश्वर महतो, गौरी शंकर महतो, महेश मांझी, मनोज मांझी, अकला मांझी, भीम मांझी, पांडु मांझी, कुलेश्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया, सहित अन्य उपस्थित थे।

# ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** विधानसभा चुनाव- 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार रेंडमाइजेशन किया गया ।01- राजमहल सामान्य प्रेक्षक सी०आर० प्रसन्ना, 02- बोरियों (अ०ज०जा०) सामान्य प्रेक्षक गौतम सिंह, 03- बरहेट (अ०ज०जा०) के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद डाबू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त के समक्ष समाहरणालय सभागार में द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न किया गया ।राजनीतिक दलों की सहमति पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के रेंडमाईजेशन की सूची तैयार की गई ।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नीकरण कर लिया गया है। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए किया गया है। जिससे राजनीतिक दलों द्वारा ईवीएम मशीनों को लेकर किसी प्रकार का कोई संदेह न रहे रेंडमाईजेशन के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी पोलिंग बूथ का नंबर बताकर प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रमाणित करने के लिए रेंडमाईजेशन किया गया। सभी विधानसभा के प्रेक्षकों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा द्वितीय रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया ।इस अवसर पर 01- राजमहल विधानसभा निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, 02 बोरियो (अ०ज०जा०) निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 03- बरहेट (अ०ज०जा०) निवार्ची पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एवं अन्य उपस्थित थे।

## जिला अधिवक्ता संघ ने गाजियाबाद मामले को ले जताया विरोध

**लोहरदगाः** गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के साथ जिला जज के निर्देश पर मार पीट की घटना पर लोहरदगा के अधिवक्ताओं में काफी रोष है ' उक्त घटना पर लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव द्वारा आहूत बैठक मे संघ के तमाम अधिवक्ता उपस्थित हुए सभी ने एक स्वर से घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि गाजियाबाद के जिला जज को बर्खास्त किया जाए और दोषी पुलिस कर्मियों पर अविलंब कड़ी कानूनी कार्रवाई कि जाए ' संध के सभी सदस्यों ने अधिवक्ताओं के सुरक्षा हेतु 'advocate protection bill' जल्द से जल्द लागू करने की मांग की ' लोहरदगा के अधिवक्ता गण विरोध स्वरूप न्यायालय खुलने पर 11 नवंबर से 2 दिनों तक काला बिल्ला लगा कर कार्य करने का निर्णय लिया है तथा bar council के निदेर्शानुसार आगे का कार्यक्रम किया जाएगा ' बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया है कि महामहिम राज्यपाल (झारखंड) और माननीय मुख्य न्यायाधीश (झारखंड) को एक ज्ञापन भेजी जाएगी ' साथ ही साथ गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन को एक पत्र भी संध द्वारा भेजी जाएगी बैठक की अध्यक्षता डॉ प्रमोद कुमार पुजारी द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव द्वारा की गई '

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सोमवार को संयुक्त रूप से विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित पाकुड़ जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर पाकुड प्रखंड स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण.उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पाकुड प्रखंड के चांचकी स्थित बूथ संख्या 241,242,243,244 एवं 245 मतदान केंद्र एवं अंजना में मतदान केंद्र संख्या 246, 247 एवं 248 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं पाकुड़ बीडीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार की लाभकारी योजनाओं से बदल रही है झारखंड की तस्वीर: कांग्रेस

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता ओबीसी के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने की । प्रेस को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ( ओबीसी ) विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने झारखंड सरकार की लाभकारी योजनाओं का ज़िक करते हुए कहा कि मईंया सम्मान योजना के तहत एक हजार प्रति माह महिलाओं को दिया जारहा है जिसे बढ़ाकर दिसंबर मे 2500 रूपए कर दिया जाएगा । झारखंड सरकार ने 200 युनिट बिजली फ्री तथा बकाया बिल माफ कर दी गई । झारखंड सरकार द्वारा किसानों को दो लाख रुपए तक का ऋण माफ किया गया




। झारखंड सरकार द्वारा ओल्ड पेंशन लागु किया गया । उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह तत्कालिन मुख्यमंत्री को बाबु लाल मरांडी की आलोचना करते हुए कहा कि 27% आरक्षण को काटकर 14% कर दिया जिसे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार ने कैबिनेट मे पास कर के भेजा था जो राज्यपाल के पास आज भी लंबित है । उन्होंने मांग की बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड में भी जाति जनगणना हो ताकि झारखंड में भी ओबीसी समाज को मजबूति से अपना अधिकार मिल सके । झारखण्ड में भी क्रिमी लेयर का दायरा बढ़ाया जाए । रोजगार में स्थानीय लोंगो को 75% तक का आरक्षण दिया जाए । प्रतियोगी परिक्षाओं में पेपर लीक के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट का निष्पादन कराते हुए दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए । रामनवमी समिति के पूर्व अध्यक्ष मनजीत यादव के हत्यारों की गिरफ़्तारी शीघ्र हो और उनको सजा दिलाई जाए ।मौके पर विशिष्ट अथिति जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर राज किशोर बारिक राष्ट्रीय महासचिव रूपम यादव, डॉ. आरसी पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, निसार खान, ओमप्रकाश गोप, रेणु कुमारी, सुरजीत नागवाल, डॉ. प्रकाश कुमार, दीपक गुप्ता, कजरू साव, रीतलाल मंडल, रजी अहमद, परवेज अहमद, दिलीप कुमार रवि आदि उपस्थित थे ।

## उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर दिया जोर




**यासिर अराफात@झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में पाकुड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदान केंद्र स्तर पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं (एएमएफ) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों पर निम्नलिखित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांगजन की सुविधा हेतु रैंप की उचित मरम्मती। सभी मतदान केंद्रों पर लाईटिंग, साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था। सभी केंद्रों पर बिजली और पानी की निर्बाध उपलब्धता। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ये सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार पूरी की जाएं। मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, एसडीपीओ डीएन आजाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ बीडीओ अल्फ्रेड मुर्मू समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिनियुक्त किए गए 134 माइक्रो ऑब्जर्वर को राज +2 स्कूल में दिया गया प्रशिक्षण



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण का जायजा लेने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक राज +2 स्कूल पहुंचे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक लिट्टीपाड़ा जितेन्द्र कुमार शुक्ला, सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ युगल किशोर पंत, सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ए० शंभुगा सुंदरम एवं पुलिस प्रेक्षक के० सत्यानारायण एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व माइक्रो ऑब्जर्वर को समय पर डिस्पैच सेंटर पहुंचने, पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने, बूथ में आवश्यक तैयारियों की स्थिति देखने, मतदान की समाप्ति उपरांत रिसीविंग सेंटर तक के कार्य, मॉक पोल का निरीक्षण, मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर आदि का निरीक्षण करना सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। विधानसभा आम चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन करने के लिए सभी अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इसलिए आप सभी कुशलता पूर्वक सौंपे गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

## अकील अख्तर ने किया चुनावी दौरा, फूल मालाओं से किया गया स्वागत




**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है. जिसे लेकर पाकुड़ विधानसभा के सभी उम्मीदवार लगातार अपने पक्ष में वोट मांगने के लिए जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं.पाकुड़ विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अकिल अख्तर ने सदर प्रखण्ड के चेंगाडाँगा, नशीपुर, सीतापहाड़ी, नगरनबी एवं हिरानन्दन पुर पंचायतों मे जनसम्पर्क अभियान चलाया और अगामी 20 नवम्बर को साइकिल चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील की 'जनसंपर्क अभियान में उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य हिना दीदी, सीमा सोनी भगत, सोनू आलम, मुन्ना मुस्ताक, इकबाल नेता, हाजी अब्दुल शेख, रफीक अहमद, अमीर हम्जा, मंजूर आलम, बबलू भगत, आरिफ अंसारी, समा शेख, बादशाह शेख, अहमदुल्लाह आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे.

## डीईओ की अध्यक्षता एवं प्रेक्षक व राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइज़ेशन संपन्न



**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत आगामी 13 नवंबर को जिले में होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी मशीनों की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में किया गया। रेंडमाइजेशन का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक मनीष कुमार, पटेल आनंद बाबूलाल, पदुम सिंह अलमा, व टी.के शिबु व सभी पांचों निर्वाचि पदाधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुई द्वितीय रेंडमाइजेशन में सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए संख्यानुसार बूथ वाइज ईवीएम मशीन निर्धारित कर दी गयी है ।उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जाती है ।उन्होंने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन तथा रि-रेंडमाइजेशन करके दिखाया गया और इसके उपरांत उनकी सहमति लेकर मशीनों के डेटा को फाइनल किया गया।

## व्यय प्रेक्षक व जिला निर्वाचन पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ विधानसभा निर्वाचन अभ्यार्थियों का पहला व्यय लेखा मिलान



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों का व्यय सम्बंधी लेखा की पहली जांच व्यय प्रेक्षक संजय नरगस, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार, कोषांग के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारी की उपस्थिति में सूचना भवन सभागार में किया गया। इस दौरान 04- लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र, 05-पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र एवं 06 महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी व उनके प्रतिनिधि चुनावी व्यय मिलान हेतु उपस्थित हुए। विदित हो कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा सभी अभ्यर्थियों के व्यय सम्बंधी लेखा की जांच हेतु तीन तिथियां निर्धारित की गई हैं । दूसरा व्यय लेखा मिलान 11 नवंबर एवं तीसरा व्यय लेखा मिलान 18 नवंबर को किया जाएगा । पूर्वाह्न 10:30 से 5:00 बजे अपराह्न तक व्यय लेखा का मिलान किया जा रहा। उक्त को लेकर अभ्यर्थी को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत चुनाव अभिकर्ता के माध्यम से लेखा जांच दल के समक्ष जांच कराने हेतु मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता सूचना पर्ची का किया जा रहा है वितरण

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय के निर्देशानुसार मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) वितरण का कार्य पूरे जिले में किया जा रहा है। उन्होने सभी आर.ओ, ए.आर.ओ को निर्देशित किया है कि एक-एक मतदाता तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें । गौरतलब है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान तिथि के 5 दिन पूर्व तक मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं । उन्होने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती जाए, बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध करायेंगे। साथ ही



मतदाताओं को आगामी 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिले में 1866 मतदान केन्द्रों से जुड़े बूथ लेवल ऑफिसर मतदाता सूचना पर्ची के साथ रंगीन वोटर गाइड भी मतदाताओं को उपलब्ध करा रहे हैं जिसमें चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा जैसे सक्षम-ईसीआई एप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में भी बताया जा रहा है। मतदाता सूचना पर्ची आगे भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यू आर कोड इत्यादि का उल्लेख है। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बीएलओ का नाम, बीएलओ का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लिखित है ।

### समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में एक नए युग की ओर कदम बढ़ाने के लिए हर घर, हर दिल से आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है : आदिल अख्तर

**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा प्रखंड बरहरवा के पंचायत हरिहरा में सघन जनसंपर्क के दौरान पाकुड़ की जनता का उत्साह और समर्थन देखने लायक रहा। पाकुड़ के लोगों ने समाजवादी पार्टी पर अपना विश्वास और भरोसा जताते हुए आशीर्वाद और स्नेह अकील अख्तर को मिल रहा है है। यह परिवर्तन का संकल्प और जनसमर्थन हमारे संकल्प को और मजबूत बना रहा है। उक्त सारी बातें पूर्व विधायक अखिल अख्तर के बेटे आदिल अख्तर ने कही. आदिल अख्तर भी अपने पिता पूर्व विधायक अखिल अख्तर के लिए जमीनी स्तर पर चुनावी सभा के साथ-साथ लोगों से मिलकर लोगों का जन समर्थन मांग रहे हैं. आदिल अस्तर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में एक नए युग की ओर कदम बढ़ाने के लिए हर घर, हर दिल से आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

## इंसानियत फाउंडेशन के चार सदस्यों ने रक्तदान कर बचाई मरीजों की जान




**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सोनाजोड़ी सदर अस्पताल मे इलाजरत महेशपुर मानिकपुर के 28 वर्षीय साहिला बीबी गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन काफी कम होने के कारण उन्हें बी पॉजिटिव एवं चांचकी के 6 वर्षीय तमन्ना यास्मीन को ए पॉजिटिव और महेशपुर के एक बच्चे को बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ी, मरीज थालेसीमिया से पीड़ित है,इन तीनो मरीज के परिजनों ने ब्लड की काफी खोज की मगर असफल रहे`अस्पताल मे डियूटी मे तैनात डॉक्टर ने खून चढ़ाने का सलाह दिया तभी परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उप सचिव आसादुल मुल्ला से संपर्क किया`महेशपुर से तोता शेख ए पॉजिटिव, रिसादुल शेख बी पॉजिटिव, अब्दुल हामिद बी और हसन शेख बी पॉजिटिव पाकुड़ रक्तदान अधिकोष जाकर रक्तदान किया`तब जाकर समय पर इलाज हो पाया परिजनो संस्था के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया और डोनर मित्रों ने कहा बहुत खुशी महसूस हो रहा है रक्तदान करके आगे भी असहाय जरूरतमंदो को रक्तदान करता रहूंगा `मौके पर अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उप सचिव आसादुल मुल्ला,बादरुल शेख पियूष दास और कर्मचारी नविन कुमार थे।

# धनबाद सांसद ढुलू महतो ने भाजपा विधायक प्रत्याशी तारा देवी के पक्ष पे प्रेस वार्ता की

**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** धनबाद सांसद ढुलू महतो ने सोमवार को बलियापुर प्रर्जन्य बी .एड कॉलेज में सिंदरी विधायक भाजपा प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी के पक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वार्ता में भाजपा सिंदरी विधायक प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी, अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, विधानसभा प्रभारी पवन साहू एवं विधानसभा संयोजक संतलाल प्रमाणिक उपस्थित थें। सांसद ढुलु महतो ने मीडिया से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पिछले 10 सालों में भाजपा की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई योजनाओं को अम्लीय जामा पहनाया है। काफी दिनों से चली आ




रही डिमांड पर कोलांचल यूनिवर्सिटी को पूर्व सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो, पूर्व बाघमारा विधायक ढुलू महतो, विधायक राज सिंहा के सहयोग से अस्तित्व में लाया गया है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की देन है। उन्होंने कहा कि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के बीमार होने के उपरांत श्रीमती तारा देवी ने सिंदरी विधानसभा में विकास की सभी योजनाओं को धरातल में उतारा है। हर तरफ विकास को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले भाजपा के कार्यकाल में विनोद बाबू की भव्य स्मारक बनाई जाएगी। क्षेत्र में सभी लोग का समर्थन मिल रहा है। विपक्ष चुनाव से पहले गैर जिम्मेदार घोषणाओं से सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है। 200 यूनिट बिजली मईया सम्मान योजना जैसे अल्पकालीन योजनाओं से लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है । हेमंत सरकार के कार्यकाल में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने प्रेस के माध्यम से 20 नवंबर को सभी सिंदरी विधानसभा के नागरिकों को चुनाव में भाग लेकर सिंदरी विधायक भाजपा प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी को कमल फूल पर बटन दबाकर भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए कहा। प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में सिंदरी विधानसभा के रिपोर्टर उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने डाक विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ किया वोटर आईडी कार्ड वितरण की समीक्षा**

## मतदाता के पहचान पत्र को घर-घर पहुंचाने का काम करें डाक विभाग, डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी निभाएं अपनी जिम्मेदारी : उपायुक्त

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ वोटर आईडी कार्ड वितरण की समीक्षा। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर नये वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में प्रत्येक दिन आ रहें हैं। उसका शत प्रतिशत वितरण करना सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डाक विभाग के सभी पदाधिकारी से अनुरोध किया कि



जितने भी वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में आ रहे हैं, उसको अविलंब मतदाता के घर तक पहुंचाया जाय। सभी वोटर आईडी कार्ड को प्रतिदिन प्रेषण करायें। कोई भी वोटर आईडी कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए, नहीं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह समेत अन्य डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक ने सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

# सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ करें कार्य : पुलिस प्रेक्षक

**शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** सामान्य प्रेक्षक लिट्टीपाड़ा जितेन्द्र कुमार शुक्ला, सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ युगल किशोर पंत, सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ए० शंभुगा सुंदरम, पुलिस प्रेक्षक के० सत्यानारायण एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित रविन्द्र भवन टाउन हॉल में सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। सामान्य प्रेक्षक लिट्टीपाड़ा ने कहा है कि निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी महत्वपूर्ण कड़ी का काम करते हैं। यदि यह कड़ी कमजोर हो जाए तो पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर असर पड़ता है। इसलिए सभी सेक्टर अधिकारी पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी दी। चुनाव से संबंधित उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया। मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं, मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग के बारे में आवश्यक जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने बूथों का निरीक्षण करते रहे, यदि बूथों पर मूलभूत सुविधायें नही है तो उसे पूर्ण करायी जाये। चुनाव में आप सबों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सभी अपने दायित्वों को पूरी तरह से निर्वहन करें, साथ ही पोलिंग पार्टियों के दायित्वों को भी ठीक से समझें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर समय से पहुँचे और ध्यान रहे कि सभी पोलिंग पार्टियॉ समय से अपने बूथों पर पहुॅच जायें, साथ ही मतदान से सम्बन्धित सामग्री भी बूथों पर ठीक से पहुॅच जाये। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि पुलिस और प्रशासन के सभी सेक्टर अधिकारी एक टीम की तरह बेहतर आपसी समन्वय में रहकर कार्य करें। उन्होंने सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी चुनाव के लिए रीढ़ की हड्डी है। पोल मेनेजमेंट में भी आपका अहम भूमिका है। सभी पदाधिकारी से बूथ से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बूथ में सारी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेक्टर अधिकारियों की तत्परता व सूझ-बूझ से मतदान के दिन मतदान केंद्रों में आने वाली किसी भी तरह की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण जानकारी रखें ताकि निर्वाचन के दौरान उनके मतदान दलों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। पोल डे के दिन ईवीएम को ठीक से मोकपाल के दौरान कोई गलतियां न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए टीम के रूप में कार्य करने कहा। सेक्टर पदाधिकारी को अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने, वेल्नेरेविबलिटी मैपिंग, उन गांव, मोहल्लों को चिह्नित करना, जिनमें डरा धमकाकर मतदान से रोका जाता है एवं विधिसम्मत क्या कार्रवाई की जा सकती है इसपर प्रकाश डाला गया।मौके पर तीनों विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष तथा जिला महासचिव ने निशात आलम के लिए लोगों से मांगा जन समर्थन



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के लिए जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार तथा जिला महासचिव अर्धन्दु गाँगुली ने नगर नवी में लोगों से मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जन समर्थन मांगा, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन सरकार के विकास कार्यों की रूपरेखा को लोगों के सामने रखते हुए कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देने की अपील की. दोनों कांग्रेस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनाई, कहा पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने हेमंत सोरेन सरकार के साथ मिलकर महिलाओं को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत सभी महिलाओं के खाते में ?1000 राशि देकर महिलाओं को सम्मानित किया है , इस बार महागठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं के खाते में यह राशि बढ़ाकर ?2500 कर दी जाएगी, किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल माफी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, जैसी तमाम तरह की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है. सरकार की विकास योजनाओं को ध्यान में रखकर कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देने की बात कही.

## मासिक क्राइम मीटिंग का हुआ आयोजन, एसडीपीओ ने थानेदारों को दिए जरूरी दिशा निर्देश



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** पाकुड़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। एसडीपीओ दयानंद आजाद ने इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर थानाध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। गोष्ठी में एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों को लंबित कांडों का समय पर निपटारा करने और फरार अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भी निर्देश दिए। साथ ही, अलग-अलग थानों में दर्ज कांडों की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा, एसडीपीओ ने पाकुड़ की सीमा से लगे सीमावर्ती थानों के थानाध्यक्षों को सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और शराब तस्करी व नशीले पदार्थों पर लगाम लगाने के लिए अपराध सूचना को मजबूत बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा, ह्लआगामी चुनावों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमें पूरी तरह से तैयार रहना होगा। थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।ह्व इस अवसर पर विभिन्न थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे। एसडीपीओ के निर्देश से यह स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन आगामी चुनावों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## निशात आलम मंजुला हांसदा के साथ लगातार कर रही है चुनावी दौरा

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा के महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम पाकुड़ प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया.मनिकापड़ा , मदन मोहनपुर , रामचंद्र पुर, पाली, साहपुर गांव का दौरा करते हुए अपने पक्ष में वोट मांगा. सभी प्रखंडों में कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम का जोरदार स्वागत किया गया. ग्रामीणों से मिलकर वे आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने पक्ष में लोगों से वोट मांगा. उनके साथ जिला परिषद सदस्य मंजुला हंसदा निधि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विकास कार्यों को लोगों के सामने रखती हुई निशात आलम को वोट देने की अपील की. उनकी इस चुनावी दौरे के दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई. वे जहां-जहां पर भी गई कांग्रेस प्रेमियों द्वारा उनके ऊपर फूल बरसाए गए.निशात आलम ने सभी से मिलकर कहा कि मुझे आपके समर्थन की जरूरत है, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने हेमंत सोरेन सरकार के साथ मिलकर जो भी विकास कार्य किए हैं ऊन विकास कार्यों को देखकर दोबारा महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए मुझे वोट करें.

## स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र में कैंडल मार्च का आयोजन

**रविवार रात्रि में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकला मतदाता जागरूकता (मेरा मत, मेरा हक) कैंडल मार्च**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर अनेक स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह को बढ़ाने तथा मतदान के दिन बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च का आयोजन रविवार की देर शाम किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय ने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। गत रात्रि मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में शहरी मतदाताओं महिला, पुरुष, छात्र छात्राओं, युवा, वृद्ध सभी ने इस कैंडल मार्च में बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। इस दौरान सबों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ ग्रहण कराया गया। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदाताओं को मतदान के महत्ता के प्रति जागरुक करने व मतदान के दिन बूथों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में जिला अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है।

## विस चुनाव को देखते हुए पाकुड़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट, शहर में किया फ्लेग मार्च



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है पाकुड़ जिला प्रशासन सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरी तरह से अलर्ट दिख रही है. असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पाकुड़ पुलिस की हर चीज पर कड़ी नजर है.पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सोमवार को थाना प्रभारी नगर थाना हरिदेव प्रसाद के नेतृत्व में थाना के पदाधिकारी पु०अ०नि० अभिषेक कुमार, पु०अ०नि० राम ऊरांव, एवं ITBP की ए- कंपनी 601 के साथ नगर थाना क्षेत राजापाड़ा ,तातीपाड़ा , गांधी चौक,पाकुड़ रेलवे स्टेशन, सिन्धीपाडा,हिरन चौक, अंबेडकर चौक बैंक कॉलोनी, खाद्यानपाड़ा, धनुषपूजा में विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भ्रमण, फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन किया ताकि पाकुड़ में चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा सके।

## भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बड़कागांव।** विधानसभा क्षेत्र के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार द्वारा बड़कागांव प्रखंड के महुगाईखुर्द, महुगाईकला, बाबूबलिया,चंदौल, पुदौल, लकुरा बरवाडीह सहित अन्य गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील मतदाताओं से किया गया। उन्होंने कहा कि मजदूरों की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ही लड़ती है। बड़कागांव विधानसभा पूरे झारखंड के लिए हॉट सीट बन गया है विभिन्न कंपनियों के कारण देश स्तर के कॉर्पोरेट घरानों का नजर बड़कागांव में लग गई है। क्षेत्र को कोई बचा सकता है तो वह सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ही। अनिरुद्ध कुमार के साथ हजारीबाग जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष नेमन यादव भी शामिल थे।

## कर्णपुरा इंटर कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव कर्णपुरा इंटर कॉलेज के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। कॉलेज के सचिव प्रोफेसर रामसेवक के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं शिक्षिकाओं के द्वारा गली मोहल्ले में जाकर स्वच्छ मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। प्रोफेसर रामसेवक ने कहा कि निर्भीक और स्वच्छता के साथ बिना लोभ लालच के अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। ताकि आपके क्षेत्र का ईमानदारी पूर्वक कार्य कर सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रो . अक्षय पांडे प्रो. आशा कुमारी, प्रो. सुमेधा सोनिका कुमारी, मनीषा, प्रमिला, ममता, पुष्पा, संगीता, नेहा, संगीता, बिलाल, कृष्णा, मजूम, सुधीर, मनजीत, बहमनी कुमारी आदि ने मौजूद थे।

## आदित्यनाथ योगी आज रोशन लाल चौधरी के पक्ष में सभा को करेंगे संबोधित

**बड़कागाँव :** एनडीए गठबंधन भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के पक्ष में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ आज मंगलवार 5 नवंबर को बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल में सभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी कार्यकर्ता युद्ध गति से कर रहे हैं। 3 नवंबर की रात हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल वस्तु स्थिति का जायजा लिया। 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। एवं गठबंधन में शामिल भाजपा आजसू जदयू लुष्प कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए।



## विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय एवं अंतरजिला जिला चेकनाका में की जा रही वाहनों की सघन जांच



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय एवम अंतरजिला चेकनाकाओं पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके मद्देनजर 24७7 चेकनाका सक्रिय कर दिए गए हैं तथा सघनता से सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

### कालीपूजा पर पाकुड़ के मशहूर समाजसेवी लुत्फल ने साढ़े चार हजार लोगों को कराया भोजन

# सभी धर्मों के बीच आपसी भाईचारा बनाये रखने के लिए समाजसेवा का काम करते है : लुत्फल हक

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़।** पेट की भूख ने जिंदगी को हर रंग दिखा दिए मुझे,जो अपना बोझ ना उठा पाए,पेट की भूख ने पत्थर उठवा दिए मुझे उपरोक्त बातें पश्चिम बंगाल के फरक्का स्थित थाना पाड़ा स्थित काली पूजा समिति द्वारा आयोजित नर नारायण सेवा के दौरान लुत्फल हक ने कही.नर सेवा नारायण सेवा के माध्यम से साढ़े चार हजार लोगों के बीच भोजन कराया गया.नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम पाकुड़ के मशहूर समाज सेवी लुत्फल हक के सौजन्य से कराया गया था. लुत्फल हक ने अपने हाथों से सैकड़ों लोगों को भोजन परोसा. उन्होंने मीडिया कर्मियों को बताया की अधिकतर लोग अपनों के लिए जीते है.अगर जीना ही है तो औरों के लिए भी जिया करें.जब हमलोग ईद और बकरीद मनाते है तो साथ में हम दुर्गा पूजा और काली पूजा और मेरी क्रिसमस (बड़ा दिन) क्यों न मनाये.उन्होंने कहा की हम खाली हाथ आये है और खाली हाथ इस दुनिया को छोड़कर चले जायेंगे.इस लिए जो समय है जरूरतमंदो,गरीबों को सेवा करते रहे. उल्लेखनीय है लुत्फल हक को देश और विदेश में समाजसेवा के क्षेत्र में दर्जनों अवार्ड मिल चुके है. खासकर लंदन,सिंगापुर, मलेशिया, दुबई के अलावे भारत के मुंबई, कोलकाता,बेंगलोर में देश और विदेश की विभिन्न हस्तियों से अवार्ड मिल चूका है.लुत्फल हक के द्वारा पाकुड़ जिले के अलावे पश्चिम बंगाल के अलावे फरक्का और शमसेरगंज में भी समाजसेवा के क्षेत्र में प्रायः कार्यकर्म आयोजित किए जाते है. मौके पर फरक्का विधायक मानिरुल इस्लाम, फरक्का थाना प्रभारी निरुतपल मिश्रा, नर सेवा नारायण सेवा के अध्यक्ष रबीउल आलम आदि मौजूद थे.

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सुनिश्चित करने तथा चुनावी प्रचार प्रसार सामग्री के प्रकाशन को लेकर मुद्रक एवं प्रकाशको के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-15 10.2024 को विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा एवं आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत प्रचार सामग्रीयों के मुद्रण एवं प्रकाशन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है ' इस संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में निम्नांकित अनुपालन आवश्यक है:-

1. ऐसी निर्वाचन पुस्तिका/बैनर / पम्पलेट/पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेज जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता ना हो, उसे मुद्रित या प्रकाशित करना वर्जित है।

2. सभी मुद्रकों को उपरोक्त दस्तावेजों के प्रकाशन की स्थिति में प्रकाशक से घोषणा पत्र (दो प्रति में) प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसपर स्वयं प्रकाशक का हस्ताक्षर एवं दो अन्य व्यक्ति (जो उसे पहचानते हो) द्वारा अभिप्रमाणित रहें, और मुद्रण कार्य समाप्ति के दो दिनों के अन्दर प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति के साथ, प्रकाशित समाग्री की प्रति जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को संसुचित करने का प्रावधान है।

3. अतएव हजारीबाग जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराईटर/प्रकाशक को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त प्रावधानों का अक्षरशः एवं दृढ़ता से अनुपालन करते हुए प्रचार-प्रसार हेतु निर्वाचन पुस्तिका/ बैनर/पम्पलेट / पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेजों की मुद्रित संख्या, साक्ष्य सहित, पार्टी प्रमुख/उम्मीदवार का सहमति पत्र के साथ दो भिज्ञ व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र मुद्रण के दो दिनों के अन्दर मीडिया कोषांग, हजारीबाग (जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में) को परिशिष्ट-क, परिशिष्ट-ख एवं उपरोक्त दस्तावेजों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। परिशिष्ट-क एवं परिशिष्ट-ख का प्रारूप मीडिया कोषांग, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, तिसरा तल्ला, समाहरणालय भवन, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) के तहत कार्रवाई की जायेगी, जिसके तहत 06 (छः) माह का कारावास या 2000/- रू जुमार्ना अथवा दोनों दंड अधिरोपित की जा सकती है।

# सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा।

लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान "कटोगे तो बंटोगे" का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है।



संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। संघ इसी विचार को मानता है, भारतीय यानी हिंदू। भारतीय समाज को कभी सांप्रदायिकता के आवरण में बांटा गया तो कभी जाति की संकीर्ण सोच के बहाने। संघ अपने जन्म से ही दोनों ही वैचारिकी का विरोध करता रहा है। इसके बावजूद उस पर कभी ब्राह्मणवादी होने तो कभी कुछ का आरोप लगता रहा है। किसी भी संगठन के किसी भी व्यक्ति के निजी तौर पर अपने विचार हो सकते हैं, उसकी सोच का असर उसके व्यक्तित्व पर पड़ सकता है। लेकिन वैचारिक रूप से संघ में ऊंच-नीच, भेदभाव की सोच नहीं रही है।

महात्मा गांधी ने भी संघ के 1934 के वर्धा के शिविर का दौरा किया था। संघ के उस शिविर में छूआछूत और ऊंचनीच का भाव न देखकर गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे। उन दिनों गांधी जी छूआछूत के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उन्होंने तब माना था कि संघ के ऐसे प्रयास भारतीय समाज में बराबरी का भाव लाने में सफल हुए। राजनीति अक्सर महात्मा गांधी को लेकर संघ पर आरोप लगाती है कि वह महात्मा गांधी को नहीं मानता। संघ को सामाजिक रूप से बांटने को लेकर जब भी हमला किया जाता है, अक्सर गांधी विचार का ही सहारा लिया जाता है। हालांकि संघ ने कभी ऐसी कोई मंशा जाहिर नहीं की। उलटे गांधी संघ के समानता के विचारों से प्रभावित रहे। जिसकी तसदीक उनके द्वारा ही प्रकाशित हरिजन पत्रिका के 28 सितंबर 1947 के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी जी ने दिल्ली में सफाईकर्मियों की बस्ती में हुए संघ के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर 1947 को हिस्सा लिया था। इस रिपोर्ट में लिखा है, "गांधी जी ने कहा कि वे कई साल पहले वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गए थे, जब संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज उन्हें शिविर में ले गए थे और वे (गांधी) उनके अनुशासन, अस्पृश्यता की पूर्ण अनुपस्थिति और कठोर सादगी से बहुत प्रभावित हुए थे।" पहले कर्नाटक और बाद में बिहार में हुई जाति जनगणना के बाद राजनीति का एक हिस्सा पूरे देश में जाति जनगणना कराने को लेकर अभियान छेड़े हुए है। भारत में पहली बार जाति जनगणना 1931 में हुई थी। अंग्रेजों ने इसका इस्तेमाल भारत में अपने राज बचाने की कोशिश के रूप किया था। शायद दूसरे विश्व युद्ध और स्वाधीनता आंदोलन की तेजी की वजह से 1941 में जनगणना नहीं हुई। आजादी के बाद 1951 की जनगणना की जब तैयारी चल रही थी तो राजनीति के एक हिस्से ने जाति जनगणना की मांग रखी थी। लेकिन जनगणना के प्रभारी मंत्री के नाते तत्कालीन स्वराष्ट्र मंत्री सरदार पटेल ने इस मांग को खारिज कर दिया था। पटेल का मानना था कि जाति जनगणना से सामाजिक तनाव बढ़ेगा और अंततः वह विखंडन को ही बढ़ावा देगा। कुछ ऐसी ही सोच संघ की भी है। हालांकि कुछ दिनों पहले संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने जाति जनगणना का समर्थन किया था। जिससे माना गया था कि संघ भी जाति जनगणना के पक्ष में है। ऐसी सोच रखने वालों ने अंबेडकर के विचार के अगले हिस्से पर ध्यान नहीं दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रशासनिक कार्यों के लिए ऐसे आंकड़े जुटाए जा सकते हैं, लेकिन उनका राजनीतिक दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। गांधी जी के बाद संघ शायद अकेला संगठन है, जिसके कार्यक्रम नियमित रूप से वंचित और मलिन बस्तियों में होते रहते हैं। समाज के हाशिए पर पड़े व्यक्तियों और समुदायों से बिना किसी भेदभाव के संघ लगातार संवाद करता रहता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

## ईमानदारी साबित करने की बजाय जांच एजेंसियों से भाग क्यों रहे थे केजरीवाल?



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली "शराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वयं को कट्टर ईमानदारी का प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लीनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहे हैं। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं।

केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने "शराब नीति" का निर्णय स्वयं ही लिया था? प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और "आप" के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है।

क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के खिलाफ बहुत ज्यादा मुखर है और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके खिलाफ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के खिलाफ सुबूत नहीं थे तो अदालतों में ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते? शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसियां 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। केजरीवाल ने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर केजरीवाल ईडी के समन को "राजनीतिक" करार दे रहे हैं और दिल्ली सरकार को अस्थिर करने की साजिश का आरोप भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल और उनके साथी देश भर में घूम-घूमकर अपनी ईमानदारी और दिल्ली मॉडल का प्रचार करते हैं। केजरीवाल स्वयं को और अपने साथियों को "कट्टर ईमानादारी" का प्रमाण पत्र बांटते हैं। देश के प्रधानमंत्री से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और संस्थाओं पर वो दिनदहाड़े आरोप लगाते हैं और प्रायः उनके अधिसंख्य आरोप निराधार और तथ्यहीन ही साबित हुए। कई मामलों में उन्होंने बिना शर्त के माफी भी मांगी। बावजूद इसके केजरीवाल और उनके साथी निर्लज्जता की चादर ओढ़कर अपने कुकृत्यों में लिप्त हैं। आम आदमी पार्टी की असलियत धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही है।

## कीव पर हमला

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का तेज होना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। सूचना है कि रूस ने करीब 75 मिसाइल दागकर यूक्रेन को पछाड़ने की कोशिश की है। रूस ने सीधे राजधानी कीव को ही निशाना बनाया है। गत दिनों क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के लिए रूस ने कीव को जिम्मेदार माना है और जिसका बदला उसने दनादन मिसाइल दागकर लिया है। कीव से आ रही तस्वीरें लोमहर्षक हैं। जगह-जगह ध्वस्त इमारतों और आगजनी से पूरा कीव शहर अस्त-व्यस्त हो गया है। कीव के अलावा भी यूक्रेन के अन्य शहरों पर मिसाइल बरसे हैं। लोगों से कह दिया गया है कि वे घर से बाहर न निकलें। आने वाले दिनों में रूसी हमला और खतरनाक होने की आशंका है। रूसी हमलों ने अगर यूक्रेन के बुनियादी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है, तो मकसद आसानी से समझा जा सकता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कीव पर रूस ने इससे पहले 26 जून को हमला किया था। क्रीमिया और रूस को जोड़ने वाले पुल पर अगर विस्फोट न हुआ होता, तो शायद रूसी मिसाइलें कीव तक न पहुंचतीं।

इस हमले के बाद बहस भी तेज हो जाएगी कि आखिर यूक्रेन की ओर से युद्धक हमले क्यों किए जा रहे हैं? अगर मंशा युद्ध रोकने की है, तो यूक्रेन को ज्यादा संयम बरतना चाहिए, तभी दुनिया रूस को युद्ध रोकने की नसीहत दे पाएगी। रूस को युद्ध रोकने की नसीहत अनेक देश दे चुके हैं और भारतीय प्रधानमंत्री ने भी रूसी राष्ट्रपति को युद्ध रोकने की सलाह देते हुए कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन की सेना या राष्ट्रपति ने रूसी पुल पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, इससे यह संकेत गया है कि यूक्रेन और रूस के बीच कोई तीसरा पक्ष भी है, जो युद्ध भड़काना चाहता है। ऐसे विश्व-विरोधी तत्वों से सावधान रहना चाहिए। रूस ने तो पुल पर हुए विस्फोट को आतंकवादी कृत्य करार दिया है और हमें अच्छी तरह पता है कि रूस आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। पुल पर हुए विस्फोट का अगर यूक्रेन में जश्न मनाया गया था, तो यह गंभीर व मॉस्को को चिढ़ाने वाली बात है।


हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध के खिलाफ रूस के लोगों ने प्रदर्शन किए हैं और वहां बड़ी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं। क्या यूक्रेन में भी लोगों ने युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए हैं? परस्पर मिलकर चलने की नसीहत जितनी रूस के लिए जायज है, उतनी ही यूक्रेन के लिए भी। पश्चिमी शक्तियों के बहकावे में आकर ही यूक्रेन आज लहूलुहान है, यह बात खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोल चुके हैं। जेलेंस्की अगर रूस में घुसकर हमला करने के पक्ष में नहीं हैं, तो उन्हें यह साफ करना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करना जेलेंस्की का पहला काम है। पश्चिम के देश या अमेरिका में बैठे रणनीतिकार केवल अपना हित देखते हुए सलाह दे सकते हैं। युद्ध समाप्त करने की अपील के बजाय अगर पश्चिमी देश लगातार रूस को आलोचना का निशाना बनाने के उपक्रम में जुटे रहेंगे, तो आशंका है, युद्ध किसी भी समय विकराल रूप ले लेगा। यूक्रेन को अपना बचाव करने के लिए हथियार व धन देना और रूस पर हमले के लिए हथियार व धन देने में बहुत अंतर है। रूस किस हद तक जा सकता है, इसका एहसास पहले यूक्रेन को होना चाहिए, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से हमले तो केवल वही झेल रहा है।

## अकेलेपन का अंधेरा

कुछ समय पहले जापान से आई यह खबर सुर्खियों में रही कि वहां एक व्यक्ति पैसे लेकर आम लोगों, खासकर बुजुर्गों के साथ समय बिताता है, उनसे बात करता है, उनके संग घूमता है। उसका कहना है कि जिन लोगों के साथ वह समय बिताता है, वे बार-बार उसे बुलाते हैं, क्योंकि उनसे बातचीत करने वाला कोई नहीं। यों जापान के बारे में अक्सर ऐसी खबरें आती हैं कि वहां परिवार टूट गए हैं और बड़ी संख्या में लड़के-लड़कियां विवाह के लिए राजी नहीं हैं। इस सामाजिक रवैये का हासिल यहां तक पहुंचा कि कुछ साल पहले जापान में अकेलेपन की समस्या को सुलझाने के लिए एक मंत्रालय गठित किया गया था। ब्रिटेन में भी ऐसा मंत्रालय बनाया गया था। वहां 2017 में काकस कमीशन ने अपनी एक रिपोर्ट में पाया था कि ब्रिटेन में नब्बे लाख के आसपास लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित हैं। चीन की सरकार अब चाहती है कि दंपति तीन बच्चे पैदा करें, लेकिन लोग बच्चे नहीं पैदा करना चाहते।

आशय यह कि जिस परिवार को इन दिनों शोषण का सबसे बड़ा कारण बताया जाता है, उसी परिवार के टूटने से यह आफत आ रही है कि लोग अकेले होते जा रहे हैं। अमेरिका में परिवार की वापसी के नारे 1993 से लग रहे हैं। पिछले तीन साल में महामारी के दौरान परिवार की जरूरत को बहुत महसूस किया गया, लेकिन पहले जिस संस्था को तमाम विमर्श के जरिए दरकिनार किया गया, क्या उसकी पहले की शक्ल में वापसी इतनी आसान है? गौर से देखें तो परिवार के टूटने का सबसे अधिक लाभ दुनिया भर के व्यवसायी वर्ग को हुआ है। पहले लोग एक साथ रहते थे तो उनके खर्चे भी कम होते थे। एक घर, एक टीवी, एक कार से काम चल जाता था। वर्तमान मे पति-पत्नी, बेटा-बेटी और परिवार के अन्य लोगों को विशेष टीवी, कमरा, कार चाहिए। यहां से परिवार का बिखराव शुरू होता है। यह सच है कि परिवार में बहुत-सी उलझन भी होती है, लेकिन वह इनसे बड़ी नहीं, जितनी हम इन दिनों देख रहे हैं। तमाम फिल्मों, धारावाहिक, साहित्य की विधाओं में अक्सर अकेलेपन की एक गुलाबी तस्वीर दिखाई जाती है, जिसका मुख्य विचार होता है कि दुनिया के लिए नहीं, परिवार के लिए नहीं, अपने लिए जीना सीखो। जब तक हम युवा हैं, यह खुशनुमा तस्वीर बहुत अच्छा लगता है, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, पता चलता है कि तमाम संसाधनों के बावजूद अकेले रहना कितना मुश्किल है। तब अक्सर ऐसी शिकायती लहजे सामने आते हैं कि कोई पूछता नहीं, कोई फोन तक नहीं करता।

कोई भी रिश्ता एक दिन में परिपक्व नहीं होता। रिश्तों में हमेशा निवेश करना पड़ता है। यह निवेश, समय, संसाधन, एक-दूसरे की चिंता और देखभाल का हो सकता है। मगर पश्चिम ने तो तमाम तरह के भावनात्मक लगाव को भी "केयर इकोनामी" कह दिया और इसे भी पैसे की तराजू में तोला। कोई अकूत संपदा के मालिक हो सकता है, लेकिन इससे किसी की सदिच्छा और फिक्र नहीं खरीद सकते। अब परिवार दिवस घोषित किया जा रहा है, पश्चिमी देशों में लोगों का अकेलापन दूर करने के लिए तमाम स्वयं सहायता समूहों की मदद से प्रयास किए जा रहे हैं। मगर इससे क्या होता है, क्योंकि यह विचार नीचे तक पहुंचा है कि जब तक परिवार नहीं टूटते, किसी की मुक्ति नहीं हो सकती। जापान में अकेलेपन से ग्रस्त कई युवा आत्महत्या कर लेते हैं। भारत में अकेले लोगों की संख्या छह फीसद बताई जाती है। इनमें से कई गंभीर मानसिक बीमारियों के चपेट में हैं। अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विकसित देशों की तरह भारत, चीन एवं ब्राजील आदि देशों में भी अकेलेपन की समस्या बढ़ती जा रही है।



# खतरे में बिहार के 24 हजार शिक्षकों की नौकरी

## 4000 फर्जी मिले; 80% को CTET में 60 फीसदी से कम नंबर, 20% के सर्टिफिकेट फेक



**पटना।** बिहार में लगभग 4000 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। जांच के दौरान 80% शिक्षकों का CTET में निर्धारित अंक से कम नंबर है। यानी इन्हें CTET में 60% से कम नंबर है। जबकि 20% शिक्षकों ने दिव्यांग, जाति, निवास, खेल सहित अन्य प्रमाण पत्र फर्जी बनाए है। ऐसे में इन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही फर्जी शिक्षकों से सरकार दिए गए वेतन की भी वसूली करेगी। बिहार में लगभग 24 हजार शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पहली जांच में उनके एक से अधिक प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। अब दूसरी बार फिर से जांच होगी। इस दौरान भी यदि प्रमाण पत्र के बारे में कोई रिकॉर्ड नहीं मिलता है, तो उनको बर्खास्त करने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सक्षमता परीक्षा पास अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग के दौरान पहले चरण में ही 96 शिक्षकों की मार्कशीट फर्जी थी। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि सक्षमता परीक्षा पास 1.87 लाख अभ्यर्थियों की 1 अगस्त से 13 सितंबर तक काउंसिलिंग की गई थी। इस दौरान 42 हजार शिक्षकों की कई कारणों से काउंसिलिंग नहीं हुई। जबकि 3 हजार से अधिक शिक्षक काउंसिलिंग में अनुपस्थित थे। 42 हजार में 10 हजार से अधिक शिक्षकों का बॉयोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो सका है। हालांकि, जिन अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग नहीं हुई है, उनको छठ के बाद फिर से मौका मिलेगासीतामढ़ी में जांच के दौरान सात शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए सीतामढ़ी में जांच के दौरान नियोजित 7 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। जिनके खिलाफ जालसाजी, सबूत को छिपाने सहित अन्य मामलों में केस किया गया है। 7 फर्जी शिक्षकों में 5 महिला हैं। जानकारी के मुताबिक, शिक्षकों की मार्कशीट जांच के दौरान संदिग्ध पाई गई थी। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने गलत थे।प्रमाणपत्र का विवि से हो रहा सत्यापन सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग हो चुकी है। इसके बाद जिन शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध हैं। उनकी जांच संबंधित विश्वविद्यालयों से जांच कराई जा रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने संबंधित विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक अधिकारियों को शिक्षकों की मार्क शीट भेजी है। इसके साथ ही उनके काम की डिटेल भी मांगी जा रही है। जिससे शिक्षकों द्वारा दिए गए अनुभव प्रमाण पत्र की भी जांच हो।काउंसिलिंग में कई शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेंद्र सिंह ने कहा, 'सक्षमता परीक्षा पास 40 हजार से अधिक शिक्षकों की काउंसिलिंग नहीं हो सकी है। नवंबर में छूटे हुए अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग की संभावना है। काउंसिलिंग में कई शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध मिली है।'सत्यापन सर्विस बुक में दर्ज किया जाएगा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के होने वाले ट्रांसफर-पोस्टिंग के बाद उनका सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों की मार्कशीट, फोटो, निवास, जाति प्रमाण पत्र, बॉयोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन आधारित आधार कार्ड का सत्यापन, थंब इम्प्रेशन की जांच होगी। सभी रिकॉर्ड सर्विस बुक में दर्ज होंगे। डिजिटल सर्विस बुक बनने के बाद रिकार्ड ऑनलाइन कर दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### सोन नदी में डूबीं दो किशोरी, एक की मौत



**भोजपुर।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव स्थित बालू घाट के समीप सोन नदी के किनारे गेहूं धोने गई दो किशोरी डूब गई। जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाल-बाल बच गई। मृत किशोरी सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव निवासी मुन्ना चौधरी की 14 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी है जो 7वीं कक्षा की छात्रा थी। गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर ननउर गांव के पास शव को रख सड़क जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रखा। वाहनों की लंबी कतारे लगी रही। सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। फिर सहार प्रखंड के सीओ वहां पहुंचे। काफी समझाने के बाद लोग शांत हुए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।मृत किशोरी के बड़े पापा अक्षय चौधरी ने बताया कि छठ पूजा को लेकर गांव की कई महिलाएं और बच्चियां घाट पर गेहूं धो रही थी। अवैध खनन होने के कारण वहां गड्ढा हो गया था। गेहूं धोने के दौरान पैर गड्ढे में चल गया। जिससे दोनों सोन नदी में डूब गईं। मौजूद लोगों ने दोनों को पानी से बाहर निकला। सहार रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने संध्या कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी किशोरी बाल-बाल बच गई। ब

# नींद टूटी तो सामने 4 डकैत थे, कैश-गहने लूट लिए



**नालंदा।** में रविवार रात एक घर में करीब 2 लाख रुपए की डकैती हो गई। हथियारबंद 4 लोगों ने रात करीब 10 बजे घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट की और उसके पैर-हाथ बांध दिए। फिर 10 मिनट के अंदर घर से 2 लाख की संपत्ति ले गए। इसमें 70 हजार कैश थे। पीड़ित महिला का कहना है कि 70 हजार में 50 हजार छठ में खर्च के लिए बेटी ने भेजे थे। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। पीड़ित महिला किरण देवी ने बताया, 'मैं घर में अकेली सो रही थी। रात करीब 10 बजे खटपट की आवाज आई। नींद टूटी तो सामने चार लोग खड़े थे। उनके हाथ में हथियार थे। उन लोगों ने मेरे हाथ-पैर पकड़ लिए और मुंह दबा दिया। मैंने विरोध किया तो वो लोग मारपीट करने लगे। उनलोगों ने मुझे बंधकर बनाकर अलमारी की चाबी मांगी। डर से मैंने दे दिया। करीब 10 मिनट उनलोगों ने उत्पात मचाया, फिर सारे सामान लूटकर सभी बदमाश भाग गए। उनके जाने के बाद किसी तरह मैंने रस्सी खोली और पड़ोसी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई।' घटना रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत इतासंग गांव की है।जिस जगह घटना हुई वहां घनी आबादी है। बदमाश बाउंड्री फांदकर घर के घुसे थे। छठ पर्व में किरण देवी की बेटी घर आने वाली है। महिला के पति की कुछ साल पहले मौत हो गई है। किरण देवी सत्संग और पूजा पाठ से जुड़ी रहतीं हैं। लोकल गिरोह का हाथ है रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया, पूछताछ में महिला ने बताया कि बदमाश लोकल लैंग्वेज में बात कर रहे थे। जिससे यह जाहिर हो रहा है कि लोकल गिरोह का इसमें हाथ है। पूर्व से ही बदमाशों को यह बात पता है कि महिला घर में अकेली रहती है।सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया, 'रात करीब 10:30 बजे रहुई थाना की पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि इतासंग गांव स्थित किरण देवी के घर में चार अज्ञात अपराधी घुसे हैं। कर्मियों ने हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया है। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची।

# पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव



**भोजपुर।** में रविवार को पंखे से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। मृतका के गले पर काले रंग का निशान और गर्दन पर नाखून के खरोंच हैं। परिजन ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दावां गांव वार्ड नंबर-14 निवासी अजय चौधरी की 28 वर्षीय पत्नी काजल देवी है। रोहतास जिला के नोखा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी और मृतका का चचेरा भाई छोटू कुमार ने बताया कि 23 नवंबर, 2016 में अपनी बहन काजल कुमारी की शादी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दावां गांव निवासी भगेलु चौधरी के बेटे अजय चौधरी से हुई थी। शादी के 8 साल बीत जाने के बाद भी उसके पति और ससुराल वाल दहेज में किसी न किसी चीज की मांग करते थे। उन लोगों ने बुलेट और पैसे की मांग की थी। इसी को लेकर पति और ससुराल वाले मारपीट करते थे। भाई ने कहा कि शनिवार की सुबह जब काजल देवी से फोन पर बातचीत हुई तो उसने कहा कि मुझे ये लोग बहुत मार रहे हैं। तुम आकर मुझे यहां से ले चलो। तभी कहा कि ठीक है मैं छठ बाद आकर तुम्हें ले जाऊंगा। इसी बीच दोबारा बहन के मोबाइल पर फोन किया तो नहीं लगा। उसकी ननद को फोन किया तो उसने कहा कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई।

### रसगुल्ला खाने गया था, सीने में लगी 3 गोलियां



**भागलपुर।** में रविवार की रात एक स्टोर गार्ड की सीने में तीन गोलियां मार दी। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, पर जान नहीं बची। मृतक हरकीत कुमार सिंह का बेटा रमेश कुमार सिंह (25) है। रमेश अपने दोस्तों के साथ चौक पर रसगुल्ला खाने गया था। तभी 4 अपराधी आए और गोली मार दी। दोस्तों ने ही परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद रमेश को सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। घटनास्थल से सभी साक्ष्य को इकट्ठा कर कार्रवाई की जा रही है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नाशोपुर चौक के पास की है।अपराधियों ने कुछ साल पहले मृतक रमेश कुमार सिंह के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह की भी गोली मारकर हत्या की थी। घटना के पीछे आपसी रंजिश की आशंका है। फिलहाल मामला पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। पिता हरकीत सिंह ने बताया कि रमेश की शादी आठ महीना पहले खगड़िया के डुमरिया में काजल कुमारी से हुई थी। वहीं, हत्या क्यों कि इस मामले में परिजन खुलकर नहीं बता रहे हैं। मामले को लेकर सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी प्रियरंजन कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल मामले को लेकर छानबीन की जा रही है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए

# चोरी की 17 मोबाइल के साथ 4 चोर अरेस्ट



**किशनगंज।** के बहादुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहागाड़ा हाट स्थित मोबाइल दुकान से चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने चार चोरों को 17 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत का पालन करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष बहादुरगंज अभिषेक रंजन ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बहादुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहागाड़ा हाट स्थित शहनवाज आलम के मोबाइल दुकान से बीते 19 अक्टूबर की रात चोरों ने चोरी की थी। इन्होंने दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना की जानकारी पीड़ित व्यवसायी ने 20 अक्टूबर को बहादुरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर दर्ज करायी गई थी। दो चोर को पहले भेजा था जेल पुलिस ने पीड़ित के दिए गए लिखित शिकायत पर दो चोर को अरेस्ट कर पूर्व में ही जेल भेज दिया था। इस कांड में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई थी।

जिस क्रम में थानाध्यक्ष बहादुरगंज अभिषेक रंजन और उनकी टीम ने चोरी की 17 मोबाइल के साथ एक टोटो पर सवार होकर भाग रहे चार लोगों को अरेस्ट किया है।

# छठ में उलार सूर्य मंदिर में पहुंचेंगे 5 लाख श्रद्धालु



**पटना।** के दुल्हिन बाजार का उलार सूर्य मंदिर में छठ पूजा के अर्घ्य का एक विशेष महत्व है। यहां के सूर्य मंदिर का इतिहास द्वापर काल से जुड़ा है। बताया जाता है कि द्वापर काल में भगवान श्री कृष्ण के पुत्र महाराजा शाम्ब ने इसका निर्माण कुष्ठ रोग निवारण के लिए कराया था। उलार सूर्य मंदिर के महंत अवध बिहारी बताते हैं कि भगवान श्री कृष्ण के पुत्र महाराजा शाम्ब को अपनी खूबसूरती का बहुत घमंड था। एक बार वह कुछ रानियां के साथ जल क्रीड़ा कर रहे थे। इसी क्रम में वहां से गुजर रहे महर्षि गर्ग का उन्होंने अपमान किया था। महर्षि गर्ग के इस अपमान के बाद उन्होंने महाराजा शाम्ब को श्राप दिया था और उनके श्राप से महाराजा शाम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। तब नारद जी ने भगवान श्री कृष्ण को यह बात बताते हुए कुष्ठ रोग निवारण का उपाय पूछा था।

तब भगवान कृष्ण ने भारत वर्ष में 12 अलग-अलग जगहों पर सूर्य मंदिर का निर्माण करा कर वहां पूजा अर्चना की सलाह दी थी। इसके बाद उनके रोग का निवारण हो गया था। ऐसी मान्यता हैं कि भारतवर्ष में 12 जगहों पर सूर्य मंदिर का निर्माण भगवान श्री कृष्ण के पुत्र राजा शाम्ब ने द्वापर युग में कराई थी। 12 राशि के 12 जगहों पर सूर्य मंदिर के निर्माण का प्रमाण शाम्ब पुराण में इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में अंकित है।इसके बाद राजा शाम्ब ने 12 जगहों पर 12 राशि के आधार पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराया था-:1. ओलार्क- उलार( दुल्हन बाजार, पटना)2. कोणार्क- उड़ीसा3. देवार्को-देव( औरंगाबाद)4. पुण्यार्को- पंडारक5. औगाके-औगारी6. लोलाके-काशी7. मार्कण्डेयाक- कन्दाहा सहरसा8. कटलाके- कटारमल उत्तराखंड9. बालाके- बड़गांव10. चानाके- चंद्रभागा नदी के किनारे11. मोढ़ेरार्क- गुजरात में पुष्पावती नदी के किनारे12. आदित्याके - वर्तमान में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चिनाब नदी के किनारेऔरंगजेब ने तोड़ा था मूर्ति सभी 12 सूर्य मंदिर 12 जगहों पर अर्क स्थान के रूप में प्रतिष्ठित है। बताया जाता है कि मुगल काल में औरंगजेब ने दुल्हिन बाजार स्थित उलार सूर्य मंदिर के मूर्ति को तोड़ डाला था। उस वक्त लोग उस टूटे-फूटे मूर्ति की ही पूजा करते थे। वहां एक विशाल पीपल का वृक्ष ऊपज आया था। वर्ष 1948 में अचानक वहां एक संत सद्गुरु परमहंस जी महाराज पहुंचे थे। तब वहां के महंत ने उनसे उस मंदिर में पीपल वृक्ष को हटाकर मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया था। तब से प्रत्येक वर्ष दुल्हन बाजार के उलार सूर्य मंदिर में छठ पूजा के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। तब यहां दूरदराज से छठ व्रत करने वाली महिलाएं लगातार चार दिनों तक यहां रह कर पूजा-अर्चना करती हैं और मन्नतें मांगते हैं। गंधक युक्त है तालाब, दूर होता है चर्म रोग ऐसी मान्यता है कि सच्चे दिल से मांगी गई मन्नत यहां पूरी होती है। 4 दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना का महापर्व छठ के अवसर पर यहां की भव्यता देखने के लिए दूरदराज से लोग पहुंचते हैं।

# दरभंगा में निजी स्कूल के ऑटो चालक को पीटा



**दरभंगा।** में उर्दू बाजार नीम चौक निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद कल्लु को रहमखा मोहल्ले के पास चांद बावर्ची के बेटे गामा ने अपने सहयोगियों के साथ बुरी तरह से पीटा। जख्मी अवस्था में परिजनों ने उसे इलाज के लिए डीएमसी में भर्ती कराया है। बीच-बचाव करने वाले मोहम्मद जावेद ने बताया कि मोहम्मद कल्लु और उसके चाचा के साथ मैं लेनदेन के मसले पर बातचीत कर रहा था। इतने में चांद बावर्ची के बेटे ने पीछे से हमला कर दिया। देखते ही देखते उसके कुछ सहयोगी आ गए, चार-पांच लोगों ने मिलकर हम तीनों को बुरी तरह मारा। पुलिस से शिकायत करेंगे कल्लु के भाई मोहम्मद मन्नान राज ने बताया की मोहम्मद कल्लु निजी स्कूल का ऑटो चलाता है। रास्ते में रोक कर उसे चार-पांच लोगों ने बुरी तरह पीटा है। उसे गंभीर चोट आई है। इलाज करवाने के बाद पुलिस में शिकायत भी की जाएगी। मोहम्मद कल्लु की पत्नी राबिया खातून ने बताया कि 1 घंटे से DMCH अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पर्ची कटा कर खड़े हैं। कोई भी इलाज नहीं कर रहा। वहां से कुछ समय बाद निजी अस्पताल की तरफ निकल गए।

# पटना में 100 घाट, 45 पार्क,63 तालाबों में होगा छठ



**पटना।** बिहार में छठ महापर्व की तैयारी अंतिम चरण में हैं। पटना जिले में 550 घाटों के साथ 65 तालाबों को दुरुस्त किया गया है। शहर के दानापुर से दीदारगंज तक 100 घाटों को छठ पूजा के लिए तैयार किया गया है। 45 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। गया में 26 घाटों पर तैयारी की गई है। पटना में छठ महापर्व पर ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। 7 नवंबर को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक और 8 नवंबर को सुबह 2 बजे से दिन में ट्रैफिक सामान्य होने तक ट्रैफिक बदली रहेगी। फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, शव वाहन, छठ व्रतियों की गाड़ी और इमरजेंसी वाहनों को छोड़कर सभी के लिए यह व्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर मुजफ्फरपुर के 250 में 50 घाट को खतरनाक घोषित किया गया है। छठ घाटों पर चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम और वॉच टावर की व्यवस्था की गई है।पटना के शहरी क्षेत्र में दानापुर से दीदारगंज तक 100 घाटों को छठ पूजा के लिए तैयार किया गया है। छठ मनाने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 45 पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु अपनी गाड़ी पार्किंग में लगा कर पूजा कर सकें। इस साल बांस घाट से कलेक्ट्रेट घाट जुड़ गया है। गंगा किनारे से 100 मीटर पैदल चलकर व्रती कलेक्ट्रेट घाट पहुंच सकेंगे। कई सालों के बाद कलेक्ट्रेट, महेंद्रू घाट से बांस घाट एक साथ जुड़ गया है। वहीं, हर घाट पर चेंजिंग रूम, शौचालय, पानी का नल, मेडिकल कैंप, शेड आदि की व्यवस्था बनाई गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर 1000 मजिस्ट्रेट के साथ 5000 से अधिक जवानों की तैनाती की जा रही है। NDRF की 8 टीम (200 सदस्य), SDRF की 14 टीम (56 सदस्य ), 333 गोताखोर, 306 नाव-नाविक के साथ सिविल डिफेंस के 168 वॉलंटियर्स को तैनात किया जा रहा है। रिवर पेट्रोलिंग भी की जाएगी। नावों के अवैध परिचालन के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।6 घाटों पर 2 बेड के लिए अस्थाई अस्पताल बनेंगे छठ घाटों पर मेडिकल टीम की तैनाती होगी। छह घाटों पर दो बेड के अस्थायी अस्पताल बनेंगे। इनमें पाटीपुल घाट, 93 नंबर घाट, कलेक्ट्रेट घाट, लॉ कालेज घाट, गायघाट और पाटीपुल के पास निर्मित कंट्रोल रूम शामिल है। इसके अलावा हर तीन-चार घाट के लिए मेडिकल टीम के साथ एंबुलेंस की व्यवस्था रखी गई है। मेडिकल टीम में डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्स रहेंगे। अस्थायी अस्पताल में भी एंबुलेंस की व्यवस्था रखी गई है। ताकि जरूरत पड़ने पर किसी को अस्पताल भेजा जा सके। साथ ही अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। अस्पतालों में बेड भी सुरक्षित रखे गए हैं। अग्निशमन की 52 गाड़ियां रहेगी तैनात छठ पूजा के दौरान आग लगने की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन ने भी विशेष तैयारी की है। इसके तहत अग्निशमन ने पूरे जिले में गाड़ियों के साथ स्टाफ की तैनाती की गई है। 52 गाड़ियां अलग-अलग घाटों पर तैनात रहेगी। एक गाड़ी पर एक ड्राइवर के साथ 3 फायर फाइटर मौजूद रहेंगे। हर गाड़ी पूजा के दौरान अलर्ट मोड में रहेगा।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में बढ़कर 57.5 हुईः पीएमआई

**तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि दिखाती है**

**नई दिल्ली ।**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर के आठ महीने के निचले स्तर से अक्टूबर में बढ़कर 57.5 हो गई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में आठ महीने के निम्नतम स्तर 56.5 से बढ़कर अक्टूबर में 57.5 हो गया, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त तथा त्वरित सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में अक्टूबर में काफी वृद्धि हुई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था की परिचालन स्थितियों में व्यापक रूप से सुधार जारी है। तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि को दर्शाती है। भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से प्रदर्शन में तेजी आई। इसके अलावा, नए उत्पादों पेश किए जाने और सफल विपणन पहलों ने बिक्री प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद की। सितंबर में डेढ़ साल में सबसे कम वृद्धि के बाद नए निर्यात ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। समिति के सदस्यों ने एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से नए ऑर्डर में वृद्धि की सूचना दी। कीमतों के मोर्चे पर अक्टूबर के आंकड़ों ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत मुद्रास्फीति दबाव का संकेत दिया। वहीं भारतीय विनिर्माता भविष्य की उत्पादन मात्रा के संबंध में अधिक आशावादी हैं। भंडारी ने कहा कि तीसरी वित्तीय तिमाही की शुरूआत में मजबूत उपभोक्ता मांग, नए उत्पाद जारी होने से कारोबारी विश्वास भी बढ़ा है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# मल्टीबैगर आईपीओः शेयर धारकों को जोरदार रिटर्न दे रहा, शेयर 10 महीने में 400 फीसदी चढ़ा

**नई दिल्ली ।**

पिछले एक साल में शेयर बाजार में कई आईपीओ ने दस्तक दी और लिस्टिंग पर निवेशकों की खूब कमाई कराई लेकिन एक इश्यू ऐसा है जो लगातार अपने शेयरधारकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहा है। लिस्टिंग के बाद से अब तक यह शेयर 400 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया है। हैरानी की बात है कि इस शेयर की लिस्टिंग को एक साल से भी कम समय हुआ है। दरअसल बीएसई और एनएसई पर लिस्टेड मोतीसंस ज्वैलर्स एक मल्टीबैगर आईपीओ साबित हुआ है। यह शेयर दिसंबर 2023 में एनएसई पर 98 फीसदी के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ था। शेयर अपने आईपीओ प्राइस 55 रुपए से बढ़कर 291 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इस अवधि में शेयरों ने 400 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दे दिया है। मोतीसन्स ज्वैलर्स के शेयरों ने 1 अक्टूबर, 2024 को 329.90 रुपए का रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया था। 2024 में अब तक यह स्टॉक 191 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया है और लगातार 10 महीनों में से पॉजिटिव रिटर्न दे रहा है। हालांकि, अक्टूबर महीने में इस शेयर में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है, जबकि सितंबर में यह शेयर 77 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया था। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में आभूषणों के निर्माण और खुदरा बिक्री करती है। कंपनी सोने, हीरे, कुंदन, मोती, चांदी, प्लैटिनम, कीमती पत्थरों और अन्य धातुओं से बनी चूड़ियां, हार, झुमके, पेंडेंट, कंगन, अंगूठियां, नाक पिन, चेन और मंगलसूत्र बनाती है। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों को सर्विस मुहैया कराती है. कंपनी की स्थापना 1997 में हुई थी और यह जयपुर में स्थित कंपनी है।

# ट्रेन में गंदगी फैलाने वाले 12,609 लोगों पर लगाया गया जुर्माना

**रेलवे ने सफाई को लेकर नया अभियान शुरू किया, यात्रियों को कचरा न फैलाने की दे रहा सलाह**

**नई दिल्ली।**



भारतीय रेलवे ने सफाई को लेकर एक नया अभियान शुरू किया है, जिसके तहत ट्रेनों और स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और सफाई के प्रति जागरूक करना है। हाल ही में रेलवे ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिसमें 12,609 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। अभियान के तहत 2259 ऑपरेशन्स चलाए गए, जिनमें यात्रियों को रेलवे परिसर में कूड़ा-कचरा न फैलाने के लिए सलाह दी गई। हालांकि कई यात्री घर से बना खाना लेकर आते हैं और खाने के बाद बचे हुए खाद्य पदार्थ और पैकिंग का सामान ट्रेनों या स्टेशनों पर छोड़ देते हैं। ऐसे यात्रियों को अभियान के दौरान पकड़ा गया और जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कई यात्री अपनी गलती स्वीकारने के बजाय तरह-तरह के तर्क देकर बचने की कोशिश करते रहे। कुछ ने कहा कि ट्रेन आने वाली थी, इसलिए गंदगी वहीं छोड़ दी, जबकि दूसरों ने दावा किया कि वे डस्टबिन में फेंकना भूल गए लेकिन ट्रेनों के टिकट निरीक्षक (टीटी) ने किसी भी दलील को नहीं माना और सभी पर जुर्माना लगाया। इस स्थिति पर यात्रियों ने कहा कि यदि उन्हें पता होता कि जुर्माना लगाया जाएगा, तो वे बेहतर होता कि खाना बाहर से ही खरीदते, जिससे गंदगी फैलाने का सवाल ही नहीं उठता। रेलवे के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि यात्री सफाई के प्रति अधिक जागरूक होंगे और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचेंगे। भारतीय रेलवे का यह अभियान न केवल ट्रेनों और स्टेशनों की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए है, बल्कि यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# इस वर्ष 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा वैश्विक सौर निवेशः जोशी

**- वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की 7वीं आम सभा के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक सौर निवेश इस साल 500 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2023 में 393 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में यह कोयले तथा गैस से भी अधिक किफायती ऊर्जा स्रोत है। उन्होंने कहा` कि` निवेशों से न केवल नई क्षमता जुड़ रही है, बल्कि दुनिया भर में सौर ऊर्जा की लागत भी कम हो रही है। उन्होंने कहा` कि यह तीव्र वृद्धि रिकॉर्ड-तोड़ निवेशों से प्रेरित है। वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और 2024 के अंत तक इसके 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा कई क्षेत्रों में कोयले और गैस से आगे निकलकर बिजली का सबसे किफायती स्रोत बन गई है। मंत्री ने बताया कि आईएसए 'टुवाड्र्स 1000' (1000 की ओर) रणनीति से आगे बढ़ रहा है जिसका लक्ष्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर का निवेश जुटाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के शासन में भारत ने महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित किए हैं और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले महीने 90 गीगावाट की स्थापित सौर क्षमता हासिल कर ली और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि भारत नए क्षितिज पर भी अपनी नजरें स्थापित कर रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जिसे 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा` कि हमने करीब 37.5 गीगावाट की कुल क्षमता वाले 50 सौर पार्क को मंजूरी दी है। 2030 तक 30 गीगावाट के अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संभावित अपतटीय पवन ऊर्जा स्थलों की पहचान की है।

# दिवाली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन में टिकट नहीं, फ्लाइट में बढ़ा किराया

**- दिल्ली से पटना या दुबई जाना एक बराबर**

**नई दिल्ली।**

दिवाली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन और फ्लाइट में टिकटों की मारामारी चल रही है। देशभर से बिहार और झारखंड जाने वाली फ्लाइट्स में टिकट के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। आलम यह है कि पटना और दरभंगा के लिए फ्लाइट का किराया दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर जाने से ज्यादा महंगा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और सूरत समेत कई शहरों से बिहार की ओर जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में जबरदस्त उछाल आया है। हवाई किराये में आए इस तगड़े उछाल पर एक ट्रैवल एजेंट ने कहा है कि त्योहारी सीजन में एयर फेयर में उछाल देखने को मिलता है, लेकिन इस साल किराये में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिला है। हैरान की बात है कि इतने महंगे किराये के बावजूद फ्लाइट्स में टिकट नहीं मिल पा रही है। दिल्ली-मुंबई से पटना और दरभंगा का फ्लाइट किराया 13000 से 18000 रुपये पहुंच गया है। वहीं सूरत से पटना का एयर फेयर भी 4 से 6 नवंबर के बीच 13 से 18 हजार रुपये पहुंच चुका है। उधर, दिल्ली से दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर का एयर फेयर 10000 से 20000 रुपये है। छठ पूजा के मौके पर देशभर से लाखों लोग यूपी, बिहार और झारखंड की ओर जाते हैं इसलिए इस सीजन में ट्रेनें पूरी तरह से पैक रहती है। ट्रैवल एजेंट ज्यादा पैसे लेने के बावजूद टिकट नहीं दे पा रहे हैं। फ्लाइट्स के किराये में यह बढ़ोतरी सिर्फ छठ पूजा के दौरान है। इसके बाद की तारीखों में किराया सामान्य नजर आ रहा है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.11 रुपये पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारीविदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में महज एक पैसे की बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर स्थानीय इकाई पर दबाव बना रहा है जिससे दिन में रुपया के सीमित दायरे में कारोबार करने का अनुमान है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी स्थानीय इकाई को प्रभावित किया जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था।

## एफकॉन्स इन्फ्रा का शेयर निर्गम मूल्य से 10 फीसदी गिरकर सूचीबद्ध

**कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा**

**नई दिल्ली ।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 463 रुपये से आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 7.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 430.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 9.31 प्रतिशत लुढ़कर 419.85 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 7.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 426 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को 2.63 गुना अभिदान मिला था। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने एंकर या बड़े निवेशकों से 1,621 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने 5,430 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 440-463 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। महाराष्ट्र स्थित एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में वर्तमान में प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह की इकाइयों की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 80 करोड़ रुपये का इस्तेमाल निर्माण उपकरण खरीदने, 320 करोड़ रुपये दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी के लिए, 600 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने और शेष राशि सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए रखेगी।

## बजाज ऑटो की अक्टूबर में वाहन बिक्री दो फीसदी बढ़कर 4,79,707 इकाई हुई

**- वर्ष 2023 के अक्टूबर महीने में वाहन बिक्री 4,71,188 इकाई थी**

**मुंबई ।** वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो की वाणिज्यिक वाहनों तथा निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 4,79,707 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 4,71,188 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 3,03,831 इकाई रह गई, जबकि 2023 के इसी महीने में 3,29,618 वाहन बिके थे। निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 1,75,876 इकाई रहा, जो एक साल पहले समान अवधि 1,41,570 इकाई था। हालांकि समीक्षाधीन महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 4,14,372 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 4,08,144 दोपहिया वाहन बिके थे। कंपनी ने कहा कि इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,55,909 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में बेची गई 2,78,468 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम है। वहीं पिछले महीने दोपहिया वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1,58,462 इकाई हो गया। वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 65,335 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 63,044 वाणिज्यिक वाहन बिके थे।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

**सेंसेक्स 942 , निफ़्टी 309 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स जहां 79 हजार , वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 24 हजार के नीचे खिसक गया। बाजार में गिरावट का एक और कारण अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय के हालात बनना भी है। जिससे निवेशकों ने बाजार से दूरी बनायी। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई सेंसेक्स 1.18 फीसदी करीब 941.88 अंक नीचे आकर र 78,782.24 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी 1.27 फीसदी तकरीबन 309 अंक नीचे आकर 23,995.35 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 42 के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा 3.23 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, टाइटन, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।

दूसरी ओर महिन्द्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2त्न फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, स्टेट बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

बाजार में गिरावट का मुख्य कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकिंग शेयरों का नीचे आना रहा है। जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय है उससे भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव आया है।

विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड मासिक बिकवाली और कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने से भी अक्टूबर में बेंचमार्क लगभग 6 फीसदी नीचे आया। जानकारों के अनुसार पिछले चार महीनों में बेंचमार्क में 15 फीसदी की बढ़त रही थी।


बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सेंसेक्स में अभी और गिरावट हो सकती है और यह 72,000 के स्तर तक भी फिसल सकता है। ऐसे में 2024 में अब तक की गई सारी बढ़त समाप्त हो जाएगी। । बाजार जानकारों के अनुसार किसी भी रिकवरी की कोशिश में बिकवाली का दबाव झेलना पड़ सकता है, जिससे बड़ी वापसी की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

अभी निवेशकों की नजर अमेरिकी चुनावों और फेड रिजर्व के परिणामों पर लगी हुई हैं। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले मिश्रित रुझानों के बीच ही बाजार की शुरुआत लाल निशान पर हुई। बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में नीचे आये । सेंसेक्स 150 अंक की गिरावट के साथ 79,573 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 100 अंक की गिरावट के साथ 24,204 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को जब देश भर ने दीवाली मनाई गई तब शेयर बाजारों ने शाम को एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया। मुहूर्त ट्रेडिंग में सेंसेक्स 335.06 अंक बढ़कर 79,724.12 पर बंद हुआ और निफ्टी 50 94.20 अंक बढ़त लेकर 24,299.55 पर बंद हुआ। वहीं चुनाव से पहले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## त्योहारी सीजन में ईवी वाहन बाजार में रिकॉर्ड बिक्री हुई


**- ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया**



**नई दिल्ली ।** त्योहारी सीजन ने अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार को जबरदस्त रफ्तार दी। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में पिछले दो महीनों से जारी गिरावट का रुख पलट गया। महीने के दौरान ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया जो सितंबर में हुई 1,60,237 वाहनों की बिक्री के मुकाबले 35 फीसदी अधिक है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री भी है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री का यह आंकड़ा मार्च के मुकाबले भी अधिक है जब 2,13,063 वाहनों की बिक्री हुई थी। मार्च में फेम-2 योजना के अंतिम दिनों की बिक्री से भी ईवी को रफ्तार मिली थी। मगर अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल मांग में कितनी तेजी आई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की मासिक बिक्री 2024 में दूसरी बार 2 लाख वाहनों के पार पहुंच गई। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों का कुल पंजीकरण बढ़कर 16 लाख के पार पहुंच गया। इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में दोपहिया सबसे बड़ी श्रेणी रही जहां कुल 9,54,241 वाहनों की बिक्री हुई। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री का करीब 59 फीसदी है। उसके बाद 5,68,419 वाहनों यानी 35 फीसदी बिक्री के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया का स्थान रहा। इलेक्ट्रिक कार 83,802 वाहनों की बिक्री के साथ काफी पीछे रही, जबकि बस, ट्रक एवं निर्माण वाहनों की हिस्सेदारी 1 फीसदी रही। इस साल ईवी श्रेणी में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई, क्योंकि 15 लाख का आंकड़ा छूने में उसे महज 10 महीने लगे। इस उपलब्धि को हासिल करने में पिछले साल पूरे 12 महीने लगे थे। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के लिए अक्टूबर जबरदस्त महीना साबित हुआ। इस दौरान त्योहारी मांग के दौरान ग्राहकों ने नए वाहन खरीदने की होड़ लगा दी। अक्टूबर में न केवल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने भारी छूट के साथ खरीदारी को बेहतर बना दिया बल्कि केंद्र की पीएम-ई ड्राइव योजना से भी बिक्री को बढ़ावा मिला। सरकार ने दो वर्षों के लिए 10,900 करोड़ रुपये के साथ यह योजना 1 अक्टूबर को शुरू की थी। इसने विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन श्रेणियों में सब्सिडी को लक्षित करते हुए बिक्री को बढ़ावा दिया। एनआरआई कंसल्टिंग ऐंड सॉल्यूशंस के एक विशेषज्ञ ने कहा कि प्रोत्साहन, त्योहारी उत्साह और शुभ मुहूर्त ने कुल मिलाकर ईवी बाजार को रफ्तार दी। महीने के दौरान खास तौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। अक्टूबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर के मुकाबले 50 फीसदी बढ़कर 1,39,097 वाहन हो गई। सितंबर में 90,372 ई-दोपहिया की बिक्री हुई थी। इस बीच इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री में भी 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और वह सितंबर में 62,901 वाहनों के मुकाबले बढ़कर अक्टूबर में 67,170 वाहन हो गई।

# वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली ।**



वित्त मंत्रालय ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह नियुक्ति डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है।` आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का यह पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख करेगा और दर निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति का सदस्य भी होगा। सार्वजनिक घोषणा में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदकों के पास भारत सरकार में सचिव या समकक्ष स्तर पर अनुभव सहित लोक प्रशासन में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव या किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थान में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। 15 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारों की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होते हैं। मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख के लिए एक अर्थशास्त्री, एक वाणिज्यिक बैंकर, तथा दो बैंक से लिए जाते हैं। नोटिस में कहा गया` कि यह ध्यान देने योग्य है कि वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) योग्यता के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति की भी पहचान करने और सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता और योग्यता/अनुभव मानदंड में छूट की भी सिफारिश कर सकती है। एफएसआरएएससी की अध्यक्षता मंत्रिमंडल सचिव करते हैं। समिति के अन्य सदस्यों में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, आरबीआई गवर्नर और तीन बाहरी विशेषज्ञ शामिल हैं। पात्रा को पहली बार जनवरी 2020 में तीन साल के कार्यकाल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें दो बार एक साल का विस्तार दिया गया था।

## मैजिकपिन ने डिलीवरी चार्ज घटाया, 5 रुपए में घर आ जाएगा सामान

**मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई**

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स ऐप मैजिकपिन ने प्लेटफॉर्म शुल्क घटाकर 5 रुपये प्रति डिलीवरी कर दिया है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह राशि इसके प्रतिस्पर्धियों के शुल्क के मुकाबले आधी है। जोमैटो और स्विगी ने लगभग दो सप्ताह पहले प्रति आपूर्ति प्लेटफॉर्म शुल्क में लगभग 42-67 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। मैजिकपिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मौजूदा कैलेंडर वर्ष के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क में कमी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम त्योहारी सत्र के दौरान अपने आपूर्ति नायकों और अपने ग्राहकों की भलाई के लिए एक संतुलन बना सकते हैं। इसलिए मैजिकपिन का वादा है कि अधिक से अधिक लोग त्योहारी सत्र का आनंद उठा सकें। मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह साल के बाकी हिस्से के लिए केवल पांच रुपये है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के बाकी समय में खाद्य वितरण पर कोई शुल्क वृद्धि नहीं की जाएगी। जोमैटो ने प्लेटफॉर्म शुल्क सात रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है। यह राशि ग्राहकों से प्रति ऑर्डर आपूर्ति शुल्क के अलावा ली जाएगी। स्विगी ने भी प्लेटफॉर्म शुल्क छह रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है।

# रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** नेशनल डेस्क। भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा है कि मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन उनका आखिरी सीजन होगा।

बता दें कि बंगाल के 40 वर्षीय विकेटकीपर ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से 40 टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले हैं। त्रिपुरा के साथ खिलाड़ी-संरक्षक के रूप में दो साल बिताने के बाद टीम में वापसी करने वाले साहा वर्तमान में बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथे दौर के मैच की तैयारी कर रहे हैं। वह भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के साथ बैठक के बाद बंगाल लौट आए थे।

उस समय साहा ने संकेत दिया था कि वह बीसीसीआई के सफेद गेंद वाले टूर्नामेंटों में हिस्सा नहीं लेंगे और प्रथम श्रेणी प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि बंगाल को रणजी का खिताब दिलाने में मदद मिल सके, जो 2019-20 में उनसे नहीं मिला था, जब वे पिछड़ गए थे। अपनी कटुतापूर्ण विदाई के कारणों पर ध्यान न देते हुए साहा ने प्रशासन में भूमिकाओं के बजाय कोचिंग में अवसर तलाशने की उत्सुकता व्यक्त करते हुए ÷केवल आगे देखने÷ पर जोर दिया था। पिछले साल केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर किए जाने से पहले साहा लंबे समय तक भारत की लाल गेंद टीम का हिस्सा थे। 2014 में एमएस धोनी के टेस्ट संन्यास के बाद भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर बने साहा ने आखिरी बार भारत के लिए दिसंबर 2021 में खेला था, जब माना जाता था कि राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले तत्कालीन टीम प्रबंधन ने उन्हें बताया था कि भारत आगे बढ़ रहा है। उस समय, जबकि वह यकीनन भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे, ऋषभ पंत के उद्भव ने इसे कठिन बना दिया, हालांकि साहा ने कई मौकों पर दूसरे विकेटकीपर की भूमिका निभाना जारी रखा। बंगाल लौटने पर साहा ने युवा अभिषेक पोरेल का गहन मार्गदर्शन किया, जिन्होंने बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में नियमित खिलाड़ी बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। 22 वर्षीय विकेटकीपर हाल ही में मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में शामिल थे। जहां तक उनके अपने आईपीएल करियर की बात है, तो संभावना है कि साहा नीलामी में शामिल नहीं होंगे। अब तक साहा ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से इसके हर संस्करण में भाग लिया है और हाल ही में वह गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसके साथ उन्होंने 2022 में खिताब जीता था।

साहा ने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जिनके लिए उन्होंने 2014 के फाइनल में एक यादगार शतक लगाया था, जहां वे उपविजेता रहे थे। अंत में साहा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ÷क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद,



यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। मैं बंगाल के लिए आखिरी बार खेलने को लेकर गौरवान्वित हूं। रिटायरमेंट से पहले मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा।÷

# पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज आसान नहीं होगी : मैक्सवेल

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज आसान नहीं होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को यहां एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। मैक्सवेल ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अपनी अप्रत्याशित खेल शैली के कारण किसी को भी हैरान कर सकती है। मैक्सवेल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाक के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपनी पूरी ताकत लगानी होगी क्योंकि पाक टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।



मैक्सवेल ने उन चुनौतियों को भी बताया जिनका सामना ऑस्ट्रेलिया की टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में करना पड़ सकता है। पाकिस्तान टीम नए कप्तान मोहम्मद रिजवान की अगुवाई में पहली सीरीज खेलेगी। मैक्सवेल ने कहा कि, मुझे लगता है कि हमें सीरीज में कठिन मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका कारण है कि आप निश्चित नहीं हैं कि क्या हो सकता है और वे खेल के सभी क्षेत्रों में बहुत खतरनाक हैं। उनके पास अच्छे स्पिनर हैं, उनके पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं और उनके पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो उनके लिए मैच जीत सकते हैं। मैक्सवेल ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि जब आप इस सफेद गेंद वाली सीरीज में उनके खिलाफ खेलेंगे तो आप उन उतार चढ़ावों को देखेंगे और ये बहुत मनोरंजक होने वाला है। वे शानदार क्रिकेट खेलते हैं जहां सचमुच कुछ भी हो सकता है। हमारे लिए अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना कठिन होगा, क्योंकि वे आपकी किसी भी योजना के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकते हैं। पाकिस्तान में इस बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी चाहिये। पाक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 4 नवंबर से 10 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया के अलग अलग मैदानों पर खेलेगी। पहला मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, इसके बाद 8 नवंबर को एडिलेड में दूसरा एकदिवसीय खेला जाएगा. तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मैच पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

# एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं श्रेयस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चार भारतीय भी हैं। इसमें नंबर एक पर हैं श्रेयस अय्यर। आजकल भारतीय टीम से बाहर चल हरे श्रेयस ने एक ओवर में 31 रन बनाए हैं। श्रेयस ने साल 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया था। श्रेयस ने विशाखापत्तनम एकदिवसीय में वेस्टइंडीज के गेंदबाज रोस्टन चेज के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये थे।इस दौरान श्रेयस ने 4 छक्के और एक चौका लगाया था। श्रेयस ने तब 32 गेंदों पर 53 रन बनाये थे। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर है हैं। सचिन ने 1999 में हैदराबाद में हुए एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ओवर में ही 28 रन बटोर थे। सचिन ने तब क्रिस ड्रम के एक ओवर में ही चौकों और छक्कों के साथ 150 गेंदों पर 186 रन बनाये थे।

तीसरे नंबर पर तेज गेंदबाज जहीर खान का नाम है। जहीर ने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर एकदिवसीय में एक ओवर में 27 रन बना दिये। जहीर ने रन तेज गेंदबाज हेनरी ओलंगा के ओवर में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 छक्के लगाये थे। इसके अलावा चौथे नंबर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ एक ओवर में 26 रन बटोरे थे जिसमें 5 चौके और एक छक्का लगा था। सहवाग ने ये रन श्रीलंका के गेंदबाज दिलहारा लोकुहेटिज की गेंदों पर बनाए थे।

# सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से किया विशेष आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ÷भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने



पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए।' गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज़्यादा जरूरी है। तेज गेंदबाजों का सामना करें। बेशक (जसप्रीत) बुमराह का नहीं, क्योंकि बुमराह आपको मार सकते हैं। लेकिन आप दूसरों से 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से गेंदबाजी करने के लिए कह सकते हैं। इसलिए, गेंद जल्दी बल्ले पर आती है।' इस बीच, घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक वाइटवॉश के बाद भारत खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) स्टैंडिंग में एक अनिश्चित स्थिति में ला बैठा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम 58.33त्न अंक प्रतिशत के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है और अब उसे WTC फाइनल के लिए अपने दम पर क्वालीफाई करने के लिए अपने अगले पांच मैचों में से चार जीतने की जरूरत है। इसलिए भारत को अपने तीसरे लगातार फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगामी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराने की सख्त जरूरत है, जो इस समय एक बहुत बड़ा काम है।

## शमी मध्यप्रदेश के खिलाफ होने वाले रणजी मुकाबले से वापसी करेंगे

नई दिल्ली ।भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब रणजी ट्रॉफी के जरिये अपनी फिटनेस साबित करने उतरेंगे।शमी टखने की सर्जरी के बाद से ही टीम से बाहर हैं।ऐसे में अब वह घरेलू क्रिकेट से अपनी फिटनेस हासिल करना चाहते हैं।शमी के मध्य प्रदेश के खिलाफ 13 नवंबर से इंदौर में होने वाले मुकाबले में अपनी घेरलू टीम बंगाल की ओर से खेलने की संभावनाएं हैं।शमी हालांकि कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे।शमी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में आराम से वापसी करना चाहते हैं जिससे चोटिल होने का खतरा न रहे।शमी ने हाल में द एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के नेट्स में शुभमन गिल को गेंदबाजी भी की थी।इसके बाद शमी ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अब उन्हें दर्द नहीं है, इसलिए वह कुछ घरेलू मैच खेलेंगे।अब देखना होगा कि शमी 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं।शमी ने अंतिम बार एकदिवसीय विश्वकप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल खेला था।उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं।

# यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है : गिलक्रिस्ट

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेंगे। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, 'मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था - मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी।' गिलक्रिस्ट ने कहा, 'वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें।उस भारतीय टीम में कुछ उच्च श्रेणी के क्रिकेटर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे उस चुनौती से कैसे उबरते हैं।'



# गंभीर पर उठ रहे सवाल, ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो बढ़ेंगी मुश्किलें

मुम्बई ।भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार से टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठने लगे हैं।गंभीर को अभी तीन माह पहले ही कोच बनाया गया था।उसके बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है।गंभीर को टीम चयन मामलों में भी पूरे अधिकार दिये गये थे उसके बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं।अब गंभीर की ऑस्ट्रेलिया दौरे में कड़ी परीक्षा होगी। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता तो गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय सीरीज हारी।इसके बाद अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का शिकार होना पड़ा है।इससे पहले भारतीय टीम कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में नहीं हारी है।



हालांकि उनके बचाव में कहा जा रहा है कि टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बाद भी मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की सहायक पिच बनाने पर भी सवाल उठे हैं। मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नाइटवाचमैन के रूप में भेजने और पहली पारी में सरफराज खान को आठवें नंबर पर भेजने पर भी सवाल उठ रहे हैं।बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'गंभीर को ऐसा अधिकार दिया गया है जो इससे पहले कोच रहे रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ को नहीं मिला था। बीसीसीआई के नियम कोच को चयन समिति की बैठकों का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं देते हैं पर ऑस्ट्रेलिया दौरे की चयन बैठक के लिए गंभीर को अपने सुझाव देने का अवसर दिया गया।' बोर्ड के इस अधिकारी ने कहा, 'दौरे के महत्व को देखते हुए मुख्य कोच को इसमें भाग लेने की अनुमति दी गई थी।'

# वसीम अकरम का दावा- टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान भारत को हरा देगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक साहसिक दावा किया कि पाकिस्तान टेस्ट प्रारूप में टर्निंग ट्रैक पर भारत से आगे निकलने की क्षमता रखता है। भारतीय टीम को बीते दिनों ही अपने टर्निंग ट्रैक पर न्यूजीलैंड से शर्मनाक सीरीज हार मिली थी, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में चल रही है। रविवार को न्यूजीलैंड ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत को 12 साल बाद घरेलू मैदान पर पहली बार टेस्ट सीरीज में हार दिलाने के बाद कीवी टीम 24 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत का सूपड़ा साफ करने वाली पहली टीम बन गई है।

पाकिस्तान और भारत आखिरी बार 2007 में एक ही स्थान पर टेस्ट मैच खेलने उतरे थे, जिसे भारत ने जीता था। तब से एशियाई दिग्गज आईसीसी और एशिया कप टूर्नामेंट में एक-दूसरे से भिड़े नहीं हैं। हाल के नतीजों के बाद कीवी टीम अपनी



अप्रत्याशित जीत का जश्न मना रही है। वसीम को लगता है कि पाकिस्तान के पास बॉल टर्नर के पक्ष में घूमने वाली पिचों पर भारत को हराने की क्षमता है।

अकरम ने सोमवार को पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले वनडे की कमेंट्री के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास स्पिनिंग ट्रैक पर अब भारत को टेस्ट में हराने का मौका है। उन्हें न्यूजीलैंड ने घरेलू मैदान पर 3-0 से हराया है। बता दें कि जहां भारत को स्पिनिंग ट्रैक पर हार का स्वाद चखना पड़ा, वहीं पाकिस्तान ने इंग्लैंड पर अपनी हालिया घरेलू सीरीज जीत के दौरान ऐसी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुल्तान में हैरी ब्रूक और जो रूट की यादगार पारी के बाद पाकिस्तान शुरुआती टेस्ट हार गया। लेकिन इसके बाद नई चयन समिति ने कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। आगामी दो टेस्ट के लिए स्पिनिंग ट्रैक तैयार किए गए थे। साजिद खान और नोमान अली ने सूखी हुई सतहों पर शानदार प्रदर्शन किया और 40 में से 39 विकेट हासिल किए और पाकिस्तान को सीरीज जीत दिलवा दी।

# सामने आई आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन की तारीख, जानें कब-कहां होगा आयोजन



नई दिल्ली।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी बड़ी नीलामी नवंबर 2024 के अंतिम हफ्ते में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होना तय हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी है।

## आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का वेन्यू

आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन की तारीख और वेन्यू को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब इसे भारत के बाहर आयोजित किया जा सकता है। अब यह लगभग तय हो चुका है कि मेगा ऑक्शन सऊदी अरब की राजधानी रियाद में है। बीसीसीआई ने रियाद को चुने जाने का कारण वहां की बेहतरीन लॉजिस्टिकल सुविधा को बताया है।

## कब होगा आयोजन

बीसीसीआई के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एजेंसी को बताया, 'आईपीएल नीलामी रियाद में होगी और यह फ्रेंचाइजी को बता दिया गया है। संभावित तिथियां 24 और 25 नवंबर हैं।आईपीएल के वैश्विक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है।

## स्टार खिलाड़ियों के लिए लगेगी बोली

इस बार नीलामी बड़ी होगी जिसमें ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी।10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 641.5 करोड़ रुपये की राशि है।इन 204 स्थानों में से 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखने) करेन के लिए सामूहिक रूप से 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

# आलोचकों पर बरसे रोहित राजपाल, खिलाड़ी जब तक चाहें तभी तक कप्तान बना रहूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप टेनिस कप्तान रोहित राजपाल ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा है। राजपाल ने कहा है कि कुछ लोग डेविस कप कप्तान के रूप में मेरी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं पर ऐसे लोगों को समझना चाहिये कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो जबरदस्ती कप्तान बना रहे। साथ ही कहा कि मैं तभी तक कप्तान रहूंगा जब तक कि खिलाड़ी चाहेंगे। राजपाल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम की 0- 4 से हार के बाद से ही आलोचना झेल रहे हैं। उसी को लेकर इस खिलाड़ी ने कहा कि कि मैं भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं और उससे सभी प्रकार से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है इसलिए मैं भारतीय टेनिस समुदाय के




बारे में कोई भी गलत बात नहीं सोच सकता।

राजपाल ने कहा,' मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता हालांकि गुस्से में एक बार मैंने आक्रामक प्रतिक्रिया दी थी पर मुझे इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये थी। उस समय मेरी टीम मेरे साथ बैठी थी ऐसे में अलोचना से मैंने अपमानित सा महसूस किया इसलिए आलोचकों को लेकर कहा कि कौन मुझे बाहर करना चाहता है। राजपाल 2019 में कप्तान बने थे जब तत्कालीन कप्तान महेश भूपति ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। उनकी नियुक्ति के समय उनकी योग्यता पर सवाल उठाये गए थे क्योंकि उन्होंने अपने कैरियर में एकमात्र डेविस कप मैच कोरिया के खिलाफ 1990 में खेला था। वह 1990 बीजिंग एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं यह पूछने पर कि क्या वह डेविस कप में भारत की कप्तानी के योग्य हैं, राजपाल ने कहा,'' यह फैसला कार्यकारी समिति लेती है। उसमें कई लोग हैं जो टेनिस जानते हैं और बहुत साल से खेल प्रशासन में है और वे संतुलित फैसले लेते हैं।'' उन्होंने कहा,'' जिस दिन मुझे लगेगा कि खिलाड़ियों को लग रहा है कि कोई और बेहतर काम कर सकता है तो मैं स्वयं पद छोड़ दूंगा।

# संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को किया उजागर

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने टेस्ट में खराब फॉर्म के बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को उजागर किया है। भारतीय कप्तान अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित की टेस्ट में उनके आक्रामक रवैये के लिए आलोचना की गई है क्योंकि वह बड़े शॉट खेलते हुए आउट हो रहे हैं।

रोहित की तकनीक का विश्लेषण करते हुए मांजरेकर ने कहा, 'मैं कभी नहीं कहूंगा कि वह लापरवाह है क्योंकि वह रन बनाने और टीम को जीत दिलाने के लिए अपना खुद का तरीका ढूंढ रहा है। वह स्पष्ट रूप से अब अपने डिफेंस पर भरोसा नहीं करता है, आप देख सकते हैं कि, एक एलबीडब्ल्यू अपील थी और इससे वह और भी अधिक अस्थिर महसूस कर रहा होगा। इसलिए अगली चीज जो वह करने की कोशिश करता है वह है जवाबी हमला और उसने ऐसा किया क्योंकि लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था, और कौन जानता है कि यहां-वहां कुछ शॉट और वह शायद बांग्लादेश के रन चेज को दोहरा सकता था।'

मांजरेकर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज अपने बड़े शॉट को गलत तरीके से मार रहा है, जिसने हाल के दिनों में उसे नीचे गिरा दिया है। उन्होंने कहा, 'लेकिन आउट होने के लिए उन्होंने जो शॉट खेला, उसमें वह गेंद को सिर्फ कनेक्ट करने के बजाय स्टैंड में मारने की कोशिश कर रहे थे। वह अपने कुछ बड़े शॉट से चूक रहे हैं। पहले टेस्ट मैच में भी ऐसा ही हुआ था, जिसमें उन्होंने आगे बढ़कर गेंद को मैदान से बाहर मारने की कोशिश की थी, इसलिए वह अपने कई आक्रामक शॉट गलत मार रहे हैं और उन्हें अपने डिफेंस पर पूरा भरोसा नहीं है। इसलिए रोहित शर्मा के लिए यह वर्तमान में एक बड़ी समस्या है।'

मौजूदा घरेलू टेस्ट सीजन में अब तक रोहित ने दस पारियों में 13.30 की औसत से 133 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है। भारतीय कप्तान का फॉर्म चिंताजनक रहा है क्योंकि उन्हें अगली बार पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।



# रोहित और विराट ने दिलीप ट्रॉफी में खेलने से मना किया था

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद एक बार फिर अनुभवी खिलाड़ियों के अभ्यास मैच नहीं खेलने का सवाल उठा है। वहीं एक रिपोर्ट के अुनसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट सीरीज से पहले तैयारी के लिए दलीप ट्रॉफी में खेलने को कहा था पर इन दोनो ने ही इंकार कर दिया था। भारत को न्यूजीलैंड ने तीनो ही मैच हराये। तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी क्रम 147 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए बिखर गया. भारत तीसरा और अंतिम टेस्ट 25 रनों से हार गया।केवल ऋषभ पंत ही खेल पाये।इससे एक बार फिर सीरीज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने की कमी उभरकर सामने आई है।/ रिपोर्ट केअनुसार रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को चयन समिति ने दलीप ट्रॉफी में खेलने का अवसर दिया था पर इन्होंने थकान की बात करते हुए मना कर दिया था।न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई टीम में शामिल केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने ही अभ्यास मैच खेला था।.

## बोले विदेश मंत्री- मैं यहां पीएम मोदी के वादे को पूरा करने आया हूं

# आने वाले समय में बढ़ेगा और मजबूत होगा भारत व ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता, नए भारत की दिखाई नई तस्वीर

**ब्रिसबेन**

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर एक दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं, रविवार को ब्रिसबेन में बोलते हुए कहा, मैं आज सिर्फ ब्रिस्बेन में एक वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करने नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी का धन्यवाद करने आया हूं क्योंकि यह आपकी उपस्थिति, आपका प्रयास, आपका योगदान है, जिसकी वजह से यह वाणिज्य दूतावास का निर्माण संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी के उस वादे को पूरा करने आया हूं, जो उन्होंने सार्वजनिक तौर पर किया था कि वे ब्रिस्बेन में एक वाणिज्य दूतावास खोलेंगे।

ब्रिसबेन में बोलते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी के उस वादे को पूरा करने आया हूं, जो उन्होंने सार्वजनिक तौर पर किया था कि वे ब्रिस्बेन में एक वाणिज्य दूतावास खोलेंगे



### विदेश मंत्री ने बताई भारत की प्रगति

- भारत में हर दिन 28 किलोमीटर राजमार्ग बन रहा है
- यहां हर दिन 12-14 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बन रहा है
- 10 साल पहले 6 शहर थे आज 21 हैं
- 75 हवाई अड्डे थे, आज हम 150 हैं
- 1,000 विमानों का ऑर्डर भारत के पास है
- 39 योजनाओं पर काम चल रहा है

### 10 वर्षों में भारत ने अहम प्रगति की

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आगे कहा, पिछले 10 वर्षों में, हमारा मानना है कि हमने बहुत महत्वपूर्ण प्रगति की है और मैं इस प्रगति का श्रेय इस तथ्य को दूंगा कि हमने कई ऐसे प्रयास शुरू किए हैं जो एक-दूसरे को बढ़ावा देते हैं, देश में व्यापार करना बहुत आसान बनाते हैं, जीवन को आसान बनाते हैं, गति शक्ति नामक कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी ढांचे में आमूल-चूल सुधार करते हैं, एक उल्लेखनीय रूप से प्रभावी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को लागू करते हैं।

### क्वाड का स्थान सबसे ऊपर

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, क्वाड का स्थान सबसे ऊपर है और ऑस्ट्रेलिया हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में उस तंत्र का संस्थापक भागीदार है। कूटनीति में, आप ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं जो आपकी अपनी प्रणाली और दूसरों को संकेत देते हैं। जब हम आज एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की बात करते हैं, तो इस विवरण का नौकरशाही की दृष्टि से एक अर्थ है।

### बढ़ेगा और मजबूत होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता

विदेश मंत्री ने आगे कहा, यहां भारतीय मूल के लगभग 125,000 लोग रहते हैं। मुझे बताया गया है कि इस राज्य में लगभग 15,000-16,000 छात्र रहते हैं। मुझे इस बात ने प्रभावित किया कि ऑस्ट्रेलिया का भारत को 75% निर्यात इसी राज्य से होता है, पिछले 10 वर्षों में, हमें इसे एक उपलब्धि के रूप में नहीं बल्कि एक झलक के रूप में देखना चाहिए कि क्या संभव है।

### विदेश मंत्री ने की नए भारत की तारीफ

विदेश मंत्री ने कहा, आज का भारत हर दिन 28 किलोमीटर राजमार्ग बना रहा है, हर दिन 12-14 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बना रहा है, एक दशक पहले हमारे पास मेट्रो वाले 6 शहर थे और आज 21 हैं, और हम अतिरिक्त 39 की योजना बना रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम ने नए राष्ट्रपति बोका की दी बधाई

**नई दिल्ली।** 58 साल से सत्ता में जमी पार्टी को उखाड़कर नए राष्ट्रपति बने ड्यूमा बोका इस वक्त पूरी दुनिया में चर्चा के केंद्र बिंदु बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोत्सवाना का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर ड्यूमा बोको को रविवार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए बोको के साथ निकटता से काम करने के इच्छुक हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, कि बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके निर्वाचन पर बधाइयां।



### विमान में यात्री को पीटकर किया लहूलुहान




**नई दिल्ली।** विमान में यात्रा के दौरान एक शख्स ने अपने साथी यात्री पर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक साथ में बैठा शख्स अपनी सीट पर सो रहा था। तभी बगल वाले यात्री ने उसपर हमला कर दिया। इसमें पीड़ित यात्री लहूलुहान हो गया। घटना अमेरिका के अलेग्जेंड्रिया की है। एफबीआई के एक एजेंट के मुताबिक एवरेट चाड नेल्सन नाम के शख्स ने साथी यात्री के चेहरे पर कई बार मुक्के से वार किया। उसके नाक और मुंह से खून बहने लगा।

---

ईरान की इजराइल-अमेरिका को धमकी दी

## ईरान बोला- हमला करेंगे, अमेरिका ने कहा- तो इजराइल को नहीं रोकेंगे

**अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ा तनाव**



**तहरान**

ईरान ने इजराइल और अमेरिका को धमकी दी है। सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई ने शनिवार को एक्स पोस्ट में लिखा- ईरान के खिलाफ उठाए गए कदमों के लिए अमेरिका और इजराइल को करारा जवाब मिलेगा। हाल ही में ईरानी अधिकारी भी इजराइल पर एक और हमले की चेतावनी दे चुके हैं। दरअसल इजराइल ने 26 अक्टूबर को ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। इनमें ईरान के कम से कम 5 लोग मारे गए थे। हमले के बाद खामनेई ने कहा था कि इजराइल के हमले को न तो बढ़ा-चढ़ाकर बताना चाहिए और न ही इसे कमतर समझना चाहिए। हम इजराइल को ईरानी युवाओं की ताकत समझाएंगे।

### हमले करे लेकर तैयारियां शुरु

अमेरिका ने ईरानी सुप्रीम लीडर की धमकी के बाद कहा कि अगर ईरान ने हमला किया तो हम इजराइल को पलटवार करने से नहीं रोक पाएंगे। मीडिया हाउस एक्सियोस ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने सीधे ईरानी अधिकारियों से इसे लेकर बात की है। वॉशिंगटन मीडिया के मुताबिक इजराइली खुफिया एजेंसी के अधिकारियों का मानना है कि ईरान ने हमला करने को लेकर तैयारी शुरू भी कर दी है। दूसरी तरफ ईरान और उसके सहयोगियों को रोकने के लिए अमेरिका ने भी मिडिल ईस्ट में अपने बी-2 बॉम्बर भेज दिए हैं। पेंटागन के प्रेस सेक्रेटरी जनरल पैट राइडर ने इसकी जानकारी दी थी।

### इजराइल ने ईरान पर 100 फाइटर जेट्स दागे थे

इजराइल ने ईरान पर 26 अक्टूबर को 100 से अधिक फाइटर जेट्स से हमला किया था। ये हमला 1 अक्टूबर को हुए ईरानी हमले के पलटवार के तौर पर किया गया। इस दौरान इजराइल ने सबसे पहले सीरिया में रडार ठिकानों पर शुरुआती हमला किया था। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया। ईरान के 20 ठिकानों को निशाना बनाया था। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल थे। हमले के बाद ईरान के अधिकारियों ने कहा था कि उनके पास इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार है। हालांकि अमेरिका ने ईरान से अपील की थी कि वह इजराइली हमले का जवाब न दे।

---

सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां कई गंभीर हैं

# श्रीनगर के संडे मार्केट में खरीददारी कर रहे लोगों पर फेंका ग्रेनेड, 12 हो गए लहूलुहान



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को नापाक हरकत जारी है। रविवार को आतंकियों ने श्रीनगर के संडे बाजार में ग्रेनेड हमला कर दिया। हमले में 12 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है

**पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों ने घेरा** | **सीएम उमर घटना की निंदा**

**श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के आतंकियों एक बार फिर ग्रेनेड हमला किया है। रविवार को भीड़भाड़ वाले संडे बाजार में एक ग्रेनेड हमला किया। हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। साथ ही आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आतंकवादियों ने टीआरसी के पास एक भरे बाजार में ग्रेनेड फेंका, हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घायल लोगों को केवल कुछ छर्रे लगे हैं। घटना के तुरंत बाद, पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके।

- उच्चाधिकारी घायलों से मिलने अस्पताल





### अक्टूबर में आतंकियों ने किए बड़े हमले

**16 अक्टूबर**
शोपियां में आतंकियों ने गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमले के बाद इलाके में आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

**24 अक्टूबर**
दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में आंतकवादियों ने मजदूर पर गोलीबारी की। हमले में मजदूर घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है।

**28 अक्टूबर**
अखनूर में 3 आतंकी ढेर हुए। एलओसी के पास आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। इसके बाद वे जंगल की ओर भाग गए थे। 5 घंटे तक चले एनकाउंटर में सेना का कोई जवान घायल नहीं हुआ।

**24 अक्टूबर**
बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों के हमले की जिम्मेदारी पीएएफएफ संगठन ने ली थी। पुलिस ने बताया था आतंकी हमला करके जंगल की ओर भाग गए थे।

**20 अक्टूबर**
गांदरबल के सोनमर्ग में कश्मीर के डॉक्टर, एमपी के इंजीनियर और पंजाब-बिहार के 5 मजदूरों की जान गई थी। इसकी जिम्मेदारी लश्कर के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली।

### आतंकी को मारने के लिए बिस्किट्स की रही बड़ी भूमिका

*श्रीनगर में एक सफल आतंकवादी ऑपरेशन में बिस्किट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर में एक उच्च-प्रोफाइल आतंकवादी कमांडर को समाप्त किया गया। आतंकवादी कमांडर उस्मान, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (लेट) का सदस्य था, को श्रीनगर के खानयार इलाके में एक दिन लंबी मुठभेड़ में मार गिराया गया था। यह ऑपरेशन स्थानीय पुलिस और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के संयुक्त प्रयास से सफल हुआ। उस्मान को घेरने के लिए सुरक्षा बलों ने 30 घरों को घेर लिया और उन्हें शांत करने के लिए बिस्किट्स का इस्तेमाल किया गया, ताकि वे आतंकवादी को बिना किसी समस्या के पकड़ सकें।*

---

## हिंदुओं को रिझाने मंदिर-मंदिर भटक रहे रहे जस्टिन ट्रूडो

### गले में राधे राधे नाम का डाला गमछा

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन दिनों कनाडा में मंदिर-मंदिर भटक रहे हैं। भारतवंशियों को रिझाने के लिए उन्होंने हाथ में कलावा और गले में राधे राधे नाम का गमछा भी डाला और दीपावली पर लोगों के बीच पहुंचे। ट्रूडो उस वक्त 'टेंपल रन' कर रहे हैं।



## न्यूयॉर्क में पहली बार स्कूलों में मिली दिवाली की छुट्टी, करना पड़ा लंबा संघर्ष



**न्यूयॉर्क।** पहली बार यहां स्कूली बच्चों ने दिवाली की छुट्टी उत्साह के साथ मनाई। एक नवंबर को यह पहला मौका था कि दिवाली को एक प्रमुख त्यौहार मानते हुए सभी पब्लिक स्कूल बंद रहे। इस छुट्टी के लिए न्यूयॉर्क क्षेत्र में बसे भारतीय मूल के लोग और अमेरिका का हिंदू समुदाय लंबे समय से मांग कर रहा था। इसे लंबी लड़ाई के बाद मिली जीत बताते हुए भारतीय मूल की जन प्रतिनिधि जैनिफर राजकुमार ने कहा यह एतिहासिक मौका है। कानूनी प्रावधान के बाद न्यूयॉर्क में आने वाली कई पीढ़ियां इस दिन अंधकार पर प्रकाश की जीत के उत्सव का महत्व जान पाएंगी।

अडानी ने बांग्लादेश को दी चेतावनी

## बकाया भुगतान नहीं किया तो 8 को काट देंगे बांग्लादेश की 'बिजली'

**नई दिल्ली**

बांग्लादेश में बिजली का संकट गहरा सकता है। अडानी ग्रुप ने बांग्लादेश से कहा है कि वह 7 नवंबर तक बकाया पेमेंट करे। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो अडानी पावर बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई 8 नवंबर को बंद कर देगा। ऐसा होने पर बांग्लादेश में बिजली का संकट पैदा हो सकता है।



### पहले तय की थी 31 अक्टूबर की तारीख

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक अडानी ने बकाया राशि का पेमेंट करने और पेमेंट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) को 170 मिलियन डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपए) का लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) देने को कहा था।

### आधी कर दी बिजली की सप्लाई

एलसी न मिलने पर अडानी पावर झारखंड लिमिटेड ने बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति आधी कर दी। ऐसे में पहले से संकट के दौर से गुजर रहे बांग्लादेश में अब बिजली का भी संकट पैदा हो गया है। अडानी पावर झारखंड बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा बिजली आपूर्तिकर्ता है।

---

**बड़ा सवाल- ट्रंप या कमला पर लगाए जा रहे कयास, कल होगा मतदान**

# राष्ट्रपति चुनाव: अमेरिका में 54 लाख भारतवंशी कर सकते हैं बड़ा फैसला

**न्यूयॉर्क**

मंगलवार 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव है। इस चुनाव में अमेरिका में रह रहे 54 लाख भारतवंशियों की भूमिका निर्णायक हो सकती है। डोनाल्ड ट्रंप या कमला हैरिस में से कौन राष्ट्रपति बनेगा इसको लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। इस वक्त पूरी दुनिया की नजर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी है जिसकी वोटिंग 5 नवंबर को होनी है। इस वक्त चुनावी मैदान में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप हैं। चुनावी मैदान में डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के बीच है। इस वक्त दोनों उम्मीदवार लोगों को लुभाने में अपनी पूरी



ताकत झोंक रहे हैं। भारत में भी अमेरिका में हो रहे इस राष्ट्रपति चुनाव को लेकर खूब चर्चा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन करना जारी रखेंगे, लेकिन पार्टी के प्रति उनका लगाव पहले की तुलना में कम हुआ है।

### डेमोक्रेट के प्रति समर्थन में कमी

सर्वेक्षण में पाया गया कि 47 प्रतिशत भारतीय अमेरिकी खुद को डेमोक्रेट पार्टी का समर्थक मानते हैं। हालांकि, 2020 के चुनाव में यह आंकड़ा 56 प्रतिशत था, ऐसे में इसमें कमी आई है। वहीं रिपब्लिकन के समर्थकों की संख्या में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। 2020 के चुनाव की तुलना में स्वतंत्र लोगों का प्रतिशत बढ़ा है।

### अमेरिकी चुनाव में गिलहरी की मौत भी बनी मुद्दा

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक गिलहरी को मारे जाने के बाद विवाद पैदा हो गया है। इस मुद्दे पर स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने भी बाइडन प्रशासन की आलोचना की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेट सनसनी बनी काली गिलहरी 'पीनट को न्यूयॉर्क के पर्यावरण संरक्षण विभाग ने मार डाला है। पीनट सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय थी और उसके 5.37 लाख इंस्टाग्राम फॉलोवर थे। लोग पीनट की फोटो और तस्वीरों को लाइक करते थे। गिलहरी के साथ ही एक रैकून को भी मारा गया है। इस मुद्दे ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है।

### ट्रंप गिलहरियों को बचाएंगे : एलन

गिलहरी को मारे जाने के बाद एलन मस्क ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर जमकर भड़ास निकाली। मस्क ने इस घटनाक्रम को दिल दहला देने वाली घटना करार दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गिलहरियों को बचाएंगे। आरआईपी पीनट। मस्क के इस पोस्ट में गिलहरी अपने मालिक लोंगो की पीठ पर बैठी हुई भी दिखाई दे रही है।

### 2-6 भारतीय अमेरिकी हैरिस को देना चाहते हैं

सर्वेक्षण के अनुसार 61 प्रतिशत पंजीकृत भारतीय अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस को वोट देने की योजना बना रहे हैं। वहीं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को 32 प्रतिशत लोग वोट देने का इरादा रखते हैं। सर्वे में बताया गया है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय की प्राथमिकताओं में मामूली बदलाव आया है। पिछले चुनाव के बाद से ट्रम्प को वोट देने के इच्छुक लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है।

---

*वीडियो हो रहा वायरल*

## लड़की से हिजाब पहनने को कहा- उसने गुस्से में उतार दिए कपड़े

**तहरान**

ईरान में खामेनेई के कट्टर इस्लामिक शासन के बावजूद महिलाएं अपने हक और आजादी के लिए आवाज उठाती रहती हैं। राजधानी तेहरान में इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी में एक छात्रा ने इस्लामिक ड्रेस कोड के खिलाफ ऐसा विरोध जताया कि सबके मुंह बंद हो गए। छात्रा से हिजाब पहनने को कहा तो उसने यूनिवर्सिटी कैंपस में ही अपने कपड़े उतारकर विरोध करने शुरु कर दिया। ईरान में हिजाब के विरोध का मुद्दा लगातार उठता रहा है। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है।



जिसमें एक छात्रा ने जबरन हिजाब पहनाए जाने के विरोध में कैंपस में ही अपने कपड़े उतार दिए और कैंपस में घमने लगी। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। देश के सख्त इस्लामिक ड्रेस कोड के खिलाफ कपड़े उताकर विरोध करने पर पुलिस ने छात्रा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मारपीट भी की गई।



# आर माधवन की फिल्म का पहला लुक जारी...

**मुंबई।** आर माधवन ने अपनी फिल्म अधिरष्टसाली का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया है। रविवार को माधवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मुजे अपनी अपमिंग फिल्म का पहला लुक शेयर करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। डायरेक्टर मिथरान जवाहर की ये फिल्म मेरे दिल के काफी करीब रही है और इसे करने का यादगार अनुभव रहा है।' माधवन इस फिल्म में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। माधवन के साथ मैडोना सेबेस्टियन, राडिका सरथकुमार, और साई धंसिका जैसे बड़े एक्टर अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।

लाइफ Style



# नोरा

## लोग पूछते थे बदले में क्या दोगी?

एक्ट्रेस और डांसिंग की क्वीन नोरा फतेही ने बॉलीवुड में 10 साल का सफर तय कर लिया है। 2014 में आई फिल्म 'फगली' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली नोरा फतेही ने 10 साल में एक खास मुकाम बनाया है और डांसिंग क्वीन बन गईं हैं।

अब तक के करियर में 44 से ज्यादा फिल्में और गाने करने वाली नोरा फतेही ने हाल ही में अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद किया है। जिसमें नोरा ने बताया कि कैसे लोग उन्हें काम दिलाने का भरोसा देकर फायदा उठाने की फिराक में रहते थे। नोरा ने बताया कि एक फिल्म मेकर ने तो यहां तक कह दिया था कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा, लेकिन इसके बदले मुझे क्या मिलेगा। नोरा फतेही ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। जिसमें उन्होंने अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद कर कई कहानियां बताई हैं। नोरा बताती हैं, 'जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो केवल 22 साल की थी। अगर आज कोई मेरे पास कुछ काम लेकर आता है तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे क्यों काम ऑफर कर रहे हो। तुम्हें मुझसे क्या चहिए। इस दौर में कोई भी किसी के लिए फ्री में कुछ नहीं करता। लेकिन तब ऐसा नहीं था। स्ट्रगलिंड के दिनों में मैं ये मानती थी कि कोई आया है तो इसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है। मैंने अपने करियर के शुरुआत में कई बेवकूफ लोगों को फॉलो किया है। उनमें से कई लोगों ने मुझसे सीधे फेवर मांगा। साथ ही कई लोगों ने यहां तक कहा कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा।

हॉलीवुड मसाला



# प्रेमिका को गूगल पर करते हैं सर्च...

**लॉस एंजिलिस।** 'स्पाइडर-मैन' फेम टॉम हॉलैंड और उनकी गर्लफ्रेंड के जेंडया के बारे में तो सभी जानते हैं। टॉम को कई मौकों पर जेंडया का विशेष रूप से ख्याल रखते हुए देखा गया है। हाल ही में टॉम ने साझा किया कि जेंडया को कभी-कभी गूगल पर सर्च करते हैं। इसके पीछे कि जो वजह टॉम ने बताई उसने प्रशंसकों को हैरान कर दिया और उनका दिल पिघल गया। रिपोर्ट के अनुसार टॉम ने साझा किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड जेंडया को गूगल पर इसलिए सर्च करते हैं, क्योंकि वह पता लगा सकें कि वह ठीक हैं या नहीं।




# मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं ...

**लॉस एंजिलिस।** एलन मस्क ने हाल ही में एक ट्रंप फैन अकाउंट के ट्वीट को री-शेयर करते हुए कार्डी बी पर कटाक्ष किया। अकाउंट ने उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए मिल्वौकी रैली में उपस्थिति के दौरान रैपर की एक क्लिप साझा की थी। इस दौरान कार्डी बी टेलीप्राम्पटर के खराब होने की समस्या से जूझती नजर आईं। इसी ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा, 'एक और कठपुतली जो बिना शब्दों के बात भी नहीं कर सकती।' उन्होंने आगे कहा, 'कमला अभियान में कोई प्रामाणिकता या सच्ची सहानुभूति नहीं है।' वहीं, एलन मस्क का यह ट्वीट देख कार्डी बी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने तुरंत इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'मैं कठपुतली नहीं हूं, एलन। मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं।



# जान्हवी ने की 'भैया' की तारीफ...

**मुंबई।** हालिया रिलीज रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में फैंस को अर्जुन कपूर का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में वह पहली बार एक खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में डेंजर लंका के किरदार में नजर आए अर्जुन को लगातार लोगों से तारीफें मिल रही हैं। इस बीच अब उनकी बहन जान्हवी कपूर ने भी उनकी तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट साझा किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए इमोजी साझा किया है। इसमें उन्होंने फायर इमोजी का उपयोग किया। बता दें कि फिल्म ने दिवाली में नए रिकॉर्ड बनाए, पहले दिन दुनिया भर में 65 करोड़ रुपये की कमाई की।




# कॉमेडी किंग राजपाल का चढ़ गया पारा

**मुंबई।** राजपाल यादव ने बॉलीवुड की 200 से ज्यादा फिल्मों में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया है। दमदार एक्टिंग, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और एनर्जी से भरपूर एक्टर ने अपने दम पर कॉमेडी किंग का तमगा हासिल किया है। राजपाल यादव फिल्मों के साथ सोशल मीडिया पर भी फैन्स के लिए अक्सर कॉमेडी करते नजर आते रहते हैं। लेकिन हाल ही में राजपाल यादव से एक सवाल पूछा गया, जिसके बाद उनका पारा चढ़ गया। राजपाल यादव बीते 2 दिनों से एक वीडियो को लेकर चर्चा में रहे हैं। दरअसल राजपाल यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पटाखे न जलाने की सलाह दे डाली। लेकिन ये सलाह कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और राजपाल को ट्रोल करने लगे।

टीवी मसाला

# अपना लिया था इस्लाम, अब धूमधाम से मनाई दीपावली

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना की दीपावली की खुशियां दोगुनी बढ़ गई हैं। चाहत खन्ना ने इस दिवाली नया घर खरीदा है। चाहत ने यहां अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहली दीपावली मनाई है।



चाहत ने इसकी तस्वीरें भी अपने फैन्स के साथ शेयर की हैं। नए घर में दिवाली पूजा के बाद तस्वीरें पोस्ट करते हुए चाहत ने भी अपने फैन्स को त्योहार की बधाई दी है। पहली शादी के बाद चाहत खन्ना को मुस्लाम लड़के से प्यार हो गया। प्यार के बाद चाहत ने दूसरी शादी रचाई और हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपना लिया।

# तलाक के बाद भी रत्तीभर नहीं घटा प्यार....


**मुंबई।** आमिर खान इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिनके नाम बॉलीवुड इतिहास की सबसे कमाऊ मूवी का रिकॉर्ड दर्ज है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से पहचाने जाने वाले आमिर खान साल में 1 ही फिल्म करते हैं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देते हैं। हाल ही में आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव ने आमिर खान की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वे क्रिएटिव लोगों में सबसे बेहतरीन इंसान हैं। आमिर खान की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। किरण राव हाल ही में करीना कपूर के पॉडकास्ट शो औरतें क्या चाहती हैं? में पहुंची थीं। यहां किरण राव ने आमिर खान के बारे में खुलकर बात की। किरण राव ने बताया, 'एक बार जब आमिर को कोई चीज पसंद आ जाती है, तो वह पूरी तरह से उसके पीछे लग जाते हैं। वह 100 प्रतिशत इंसान हैं। यदि उसे यह पसंद नहीं है, तो वह वास्तव में ईमानदार है, लेकिन यदि उसे कुछ पसंद है, तो वह वास्तव में इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। वह सचमुच उन शानदार लोगों में से एक हैं जिनके साथ आप एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में काम कर सकते हैं।'





# लगातार 11 फ्लॉप के बाद बना विलेन, फिल्म सुपरहिट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर लंबे समय से बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल कर रहे थे। लगातार 11 से ज्यादा फ्लॉप फिल्में देने के बाद अर्जुन कपूर के करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। तभी उनके हाथ एक नेगेटिव किरदार लग गया और खलनायकी का ये फॉर्मूला एक बार फिर से काम कर गया। अर्जुन कपूर की खलनायकी उनके करियर के लिए खुशखबरी लेकर आई है। अब विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म हिट हो गई है। अर्जुन कपूर ने 2012 में फिल्म 'इशकजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। डेब्यू फिल्म तो हिट रही लेकिन उसके बाद काफी फ्लॉप्स का सामना करना पड़ा। डेब्यू के बाद उनकी दूसरी फिल्म 'औरंगजेब' 2013 में रिलीज हुई और फ्लॉप हो गई। इसके बाद गुंडे सेमी हिट रही और टू स्टेट्स सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद फाइंडिंग फैनी, तेवर जैसी फिल्में बुरी तरह पिट गईं। 2016 में आई फिल्म की एंड का सेमी हिट रही थी। इसके बाद से अर्जुन कपूर की लगातार 11 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। अब अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन में विलेन का किरदार निभाया है। विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म भी हिट होने की ओर बढ़ रहा है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.